तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 22.1 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



गणेश विसर्जन के बाद पचरीघाट में पड़ा पैरा का ढेर, नहीं हुई सफाई।

खबर संक्षेप

पात्रे होंगे निगम के संपदा अधिकारी, कई इंजीनियरों का कार्यभार बदला

बिलासपुर। नगर निगम में आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने नई व्यवस्थाओं के तहत इंजीनियरों के कार्यभारों में बदलाव किया है। कार्यपालन अभियंता एसपी साहू को अपने वर्तमान में कार्य के साथ-साथ योजना शाखा के कार्यों की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसके साथ ही ललित त्रिवेदी कार्यपालन अभियंता को जोन क्रमांक 1 एवं जॉन क्रमांक 8 का दायित्व सौंपा है। कार्यपालन अभियंता बृजेश श्रीवास्तव को वर्तमान कार्यों के साथ जोन क्रमांक 2 एवं 6 का दायित्व दिया गया है। इसी तरह सहायक अभियंता वीरेंद्र गौतम को जोन क्रमांक 3 अमेजॉन क्रमांक 5 का कार्यभार, सब इंजीनियर आशीष पांडे को जोन क्रमांक 7 में कार्यपालन अभियंता का दायित्व के साथ सिवरेज परियोजना की देखने की जिम्मेदारी दी गई है। सब इंजीनियर विकास पात्रे को जोन क्रमांक 4 में कार्यपालन अभियंता का दायित्व दिया गया है। इसी तरह डिप्टी कमिश्नर अंकुर पांडे जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर के दायित्व के साथ ही शासन द्वारा विधाई कार्य के लिए आईसी नियुक्त किए गए हैं। राजेश अधिकारी, मनीष पात्रे अपने वर्तमान दायित्व के साथ-साथ संपदा शाखा में संपदा अधिकारी एवं बाजार विभाग के प्रभारी के तौर पर काम करेंगे। नगर निगम कमिश्नर ने संपदा शाखा के कार्यों में भी विभाजन किया है। सहायक कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार शुक्ला और हरीश शास्त्री को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही सहायक प्रोग्रामर रामप्रवेश पाठक, सहायक राजेश्वरी, निरीक्षक प्रॉमिस मिश्रा और सहायक राजेश निरीक्षक, जयप्रकाश दुबे को अलग-अलग विभागों में संलग्न किया गया है।

बीपीएल व कृषि कनेक्शन शिकायत का मिलेगा समाधान

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा बीपीएल और कृषि कनेक्शन के उपभोक्ताओं के लिए एक बार फिर समाधान शिविर लगाएगी। जहां बकाया बिलों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जा सकेगा। बताया जा रहा है कि निम्न घरेलु, बीपीएल और कृषि क्षेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया राशि की मूल राशि और अधिभार में छूट दी जाएगी।

रामायण का चंदा नहीं दिया, तीन साल से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांव के बच्चे-बूढ़े-महिलाओं से बोलचाल बंद, बाजार व दुकानों में लेनदेन बंद



पीड़ित

बातचीत करने वाले चार लोगों पर 25-25 सौ जुर्माना

गांव में तीन हजार की आबादी में कुछ लोग ऐसे भी थे, जो पीड़ित परिवार से हमदर्दी रखते थे। वे उनसे बातचीत करते व उनके साथ संबंध यथावत रखे हुए थे। गांव के कथित तौर पर मुखिया कहलाने वाले लोगों ने पीड़ित से बातचीत करने वाले उन चार लोगों के खिलाफ 25-25 सौ रूपए का जुमार्ना वसूल किया है। इतना ही नहीं, बल्कि यह धमकी भी दी गई है कि अगर पीड़ित से उनकी बातचीत जारी रही तो अगली बार यह जुर्माना 51 हजार रूपए का लिया जाएगा।

गांव में सार्वजनिक रूप से आयोजित नवधा रामायण के लिए चंदा नहीं देने पर ग्रामीणों ने पिछले तीन साल से एक परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया है। उस परिवार से गांव के बच्चे से लेकर बूढ़े तक किसी के द्वारा बातचीत नहीं की जाती। न ही स्थानीय बाजार व दुकानों में किसी भी तरह के आपसी लेनदेन की अनुमति है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में कलेक्टर व एसपी से शिकायत तो की है, लेकिन समाधान फिलहाल शून्य है।

आजादी के 79 सालों बाद भी क्या किसी गांव में ऐसी व्यवस्था जीवित हो जहां एक गलती पर किसी ग्रामीण के परिवार के साथ पूरा गांव एकजुट होकर सारे संबंध समाप्त कर सकता है। यह बिल्कुल सही है। ऐसा हो रहा है। रतनपुर थाना क्षेत्र के नवांगांव में नवधा रामायण का चंदा नहीं देने पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर एक परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया। गांव से बहिष्कृत किए गए संतोष साहू ने बताया कि जिस समय उनसे चंदा मांगा गया था तब उनकी माताजी गंभीर रूप से बीमार थीं। ऐसे में उन्होंने सहयोग राशि नहीं दे पाने की बात कही। इसके बाद ग्रामीणों ने एकराय होकर उनसे सारे संबंध समाप्त कर लिए। गांव के दो साल के बच्चे से लेकर सौ साल के बजुर्ग तक कोई भी उनके परिवार से बातचीत नहीं करता।

इतना ही नहीं, बल्कि गांव के हाट-बाजार, किराना दुकान व किसी भी संस्थान के द्वारा उनसे किसी तरह का लेनदेन नहीं किया जाता है। चूंकि राशन दुकान सरकारी है, जिससे अवकाश के दिन सूना होने पर केवल पीड़ित के लिए दुकान खोली जाती है व राशन दिया जाता है। पीड़ित श्री साहू ने बताया कि उनके साथ ऐसा व्यवहार मई 2023 से किया जा रहा है, लेकिन फिर भी वे अपनी पत्नी के साथ अपना सुखमय जीवन बिता रहे थे। अभी हाल ही में उनके खेत को अधिया लेने वाले को ग्रामीणों ने डराकर व सामाजिक बहिष्कार का डर दिखाकर भगा दिया, जिससे अब उन्होंने इस मामले में जिला स्तर के अधिकारियों को शिकायत करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में उन्होने एसपी व जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को भी अपनी समस्या बताई है, लेकिन फिलहाल कोई समाधान नहीं निकल सका है।

अलग खबर

मामले की जांच कराई जाएगी

इस संबंध में जनदर्शन में ही एक शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच निश्चित रूप से कराई जाएगी।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

नहीं किया गया है बहिष्कार

गांव का वातावरण स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर कई व्यवस्थाएं की जाती है। सामाजिक बहिष्कार जैसी कोई बात नहीं है। सारे ग्रामीण उनसे बातचीत कर रहे हैं। गांव के हाट बाजार उनके लिए भी खुले हैं। तालाब व नल उनके लिए भी उपलब्ध हैं, जिनका वे उपयोग कर भी रहे हैं। इसकी जांच जिला स्तर पर किसी भी प्रशासनिक या पुलिस अधिकारी के द्वारा गांव आकर की जा सकती है।

- विष्णु सिदार, सरपंच

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर कोर्ट ने पूछा कि इस सड़क की मरम्मत कब तक हो जाएगी

निगम कमिश्नर पेश हों, दुर्गा पूजा से पहले खराब सड़कों का पेच वर्क पूरा करें: हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 करोड़ में बनीं शहर की सड़कों इस बार की बारिश में खराब हो चुकी हैं। निगम क्षेत्र की ही 70 प्रतिशत सड़कें गड्ढों में बदल चुकी हैं। इसमें भी शहर के अंदरूनी हिस्सों की सड़कों की स्थिति बेहद खराब है, और यही हाल निगम में शामिल बाहरी नए वार्डों की सड़कों का भी है। निगम के सर्वे में भी 40 से अधिक सड़कों में गड्ढें और जर्जर होने की बात सामने आई है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इसके लिए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। खास बात रही कि सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से ना तो कोई अधिकारी उपस्थित हुआ और ना ही कोई एडवोकेट। हाईकोर्ट इससे नाराज हुआ और अगली सुनवाई में निगम कमिश्नर को पेश होने कहा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले पेंच वर्क का काम पूरा कर लिया जाना चाहिए। इसके साथ ही सेंदरी- मोपका बाइपास के मामले में एनएचएआई की ओर से कहा गया कि पीडब्ल्यूडी ने अभी हैंडओवर ही नहीं किया है। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे के बारे में कोर्ट ने पूछा कि इस सड़क की मरम्मत कब तक हो जाएगी।



■ सेंदरी- मोपका बाइपास मामले में एनएचएआई ने हैंडओवर नहीं होने की बात कही

बिलासपुर में राजेंद्र नगर चौक से लिंक रोड, सिविल लाइन से सिम्स चौक, आईजी ऑफिस से जल संसाधन होते हुए वेयर हाउस रोड, नेहरू नगर, नूतन कॉलोनी और जल संसाधन कॉलोनी की ओर जाने वाली कुदुदंड रोड खराब है। इसके अलावा मंगला से दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड जाने वाली सड़क तो चलने के लायक नहीं बची है। इसके साथ ही मसानगंज, जवाली नाला पर बनी रोड बृहस्पति बाजार, मिशन अस्पताल से जवाली नाला पुल तक, मध्यनगरीय चौक, तालापारा, मगरपारा, सरकंडा, बंगालीपारा, मेलापारा, जूनी लाइन, मारवाड़ी लाइन, गोंड़पारा से शनिचरी, चांटीडीह, कतियापारा और जूना बिलासपुर के अंदर की सड़कें भी मरम्मत की बाट जोह रही हैं। इसके अलावा तालापारा, मगरपारा से सीधे व्यापार विहार को जोड़ने वाली मरीमाई रोड की हालत भी खराब है। हाईकोर्ट ने इसे सुधारने कहा है।



फाइल फोटो

एनएचएआई ने कहा- सिर्फ डीपीआर बनाने कहा था

साथ ही यातायात की समस्या दूर करने के लिए प्रस्तावित सेंदरी-मोपका बाईपास रोड निर्माण की समय-सीमा तय नहीं है। इसे लेकर हाईकोर्ट ने कड़ा रूख अपनाया है। कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई से मामले में जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी की ओर से कहा गया कि इस सड़क को एनएचएआई को बनाना है। इस पर एनएचएआई की ओर से कहा गया कि अभी सड़क हैंडओवर ही नहीं हुआ है। साथ ही पीडब्ल्यूडी ने सिर्फ डीपीआर बनाने कहा था जो कि बनाकर दे दिया गया है।

चार प्रमुख सड़कों की स्टेटस रिपोर्ट सौंपी गई

इसके साथ ही मामले में नियुक्त न्यायमित्र ने 9 सितंबर 2026 को एक खबर का हवाला देते हुए बताया कि रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएचएआई से जवाब प्रस्तुत करने कहा है। राज्य शासन की ओर से लोक निर्माण विभाग के सचिव ने शपथ पत्र पेश कर पूर्व के आदेश के तहत शहर और आसपास की चार प्रमुख सड़क प्रोजेक्ट की स्टेटस रिपोर्ट भी सौंपी। इस रिपोर्ट में 15.315 किलोमीटर लंबी पेंड्रीडीह चौक से नेहरू चौक सड़क, 14.40 किलोमीटर लंबी सीपत से बलौदा, कोरबा रोड, 2.50 किलोमीटर लंबी श्रीकांत वर्मा चौक से सीएमडी चौक लिंक रोड और 13.15 किलोमीटर लंबी भाटापारा-सिमरिया-चंदखुरी सड़क की स्थिति की जानकारी दी गई है।

खेत से लौट पाते, इससे पहले गिरी गाज, 3 किसानों की मौत

बिलासपुर। कोटा क्षेत्र में बुधवार शाम तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई। हादसा लखोदना गांव के पास हुआ। वहीं कोटा क्षेत्र के मानपुर में भी एक व्यक्ति की गाज की चपेट में आने से मौत हो गई।

लखोदना निवासी मन्ना यादव पिता माखन यादव (41) और नवाडीह बेलगहना निवासी कुंजराम यादव पिता गंगाराम यादव (45) बुधवार शाम लखोदना स्थित खेत की ओर गए थे। दोनों की शादी लखोदना में हुई थी और वे आपस में साढ़ू थे। शाम करीब 6 बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए कोटा अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।



कोटा के लखोदना के पास बुधवार शाम हुआ हादसा

■ दोनों मृतक साढ़ू थे, बारिश के दौरान खेत की ओर गए थे

बारिश से बचने पेड़ की पनाह ली, गिरी गाज

कोटा क्षेत्र के मानपुर निवासी जागेश्वर जगत (45) बुधवार शाम अपने खेत की मेड़ बांधने के लिए गए थे। उनके साथ गांव का ही एक अन्य व्यक्ति भी था। शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए जागेश्वर खेत के पास एक पेड़ के नीचे चले गए, जबकि उनका साथी खेत में काम करता रहा। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से जागेश्वर गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

रिश्तेदारों किसानों का नॉमिनी बनाकर करा दी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्रामीण किसानों के नॉमिनी के रूप में अपने रिश्तेदारों का नाम शामिल कर सहकारी समिति के कर्मचारी द्वारा फर्जी तरीके से धान खरीदी करवाने का बड़ा मामला सामने आया है। सीएम हेल्पलाईन में की गई शिकायत के बाद हरकत में आए विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच कराई, जिसमें शिकायत सही पाई गई है। अब दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

सेवा सहकारी समिति मर्यादित पोंड़ी-करनकापा में पदस्थ कर्मचारी टेंकलाल जायसवाल द्वारा किसानों के खातों में नॉमिनी के रूप में अपने रिश्तेदारों का नाम दर्ज करवाने संबंधी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई थी। इस मामले की जमीनी स्तर पर जांच करवाए जाने के बाद मामला पूरी तरह सही पाया गया। इसके अनुसार परमेन्द्र पिता लतेल ग्राम कोड़ासर जिसका नॉमिनी उक्त दोषी कर्मचारी टेकलाल जायसवाल स्वयं बन गया था। इसी तरह गिरजा बाई कोलाम पति जगरीश प्रसाद, कोलाम ग्राम सिलतरा में भी नॉमिनी टेकलाल जायसवाल है। चंद्रकली पति राधे ग्राम सांवाडबरा जिसमें नॉमिनी टेकलाल जायसवाल की पत्नी है। प्रहलाद पिता दशरथ ग्राम सांवाडबरा नॉमिनी सुकलाल हैं, जबकि टेकलाल जायसवाल के पिता का नाम भी सुकलाल है। बिसनाथ पिता रामलाल ग्राम सांवाडबरा में भी नॉमनी सुकलाल है। इस मामले की विस्तृत जांच के बाद अगली कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन उपायुक्त सहकारिता विभाग को प्रस्तुत किया गया है। जिसमें संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

दे दिया है जांच प्रतिवेदन

शिकायत की जांच हमने कर ली है। जांच के बाद प्रतिवेदन भी उपायुक्त सहकारिता विभाग को प्रस्तुत कर दिया है। अगली कार्रवाई वहीं से होनी है।

- दुर्गेश साहू, सहकारिता विस्तार अधिकारी कोटा

कसारा स्टेशन पर ब्लॉक परिवर्तित मार्ग से चलेगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कसारा स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लाक के कारण एसईसीआर से चलने वाली ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से रवाना किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मध्य रेलवे मुम्बई मंडल के कल्याण-इगतपुरी रेलखंड के कसारा स्टेशन यार्ड में आसनगांव से कसारा तीसरी लाइन परियोजना, इगतपुरी साइड आएंडडी एक्सटेंशन अप यार्ड में आवश्यक बुनियादी ढांचा एवं तकनीकी कार्यो के निष्पादन हेतु सेन्ट्रल रेलवे की ओर से विशेष ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया गया है। इसकी वजह से इस स्टेशन पर आने वाली गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन से चलने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं। 16 अक्टूबर को हावड़ा से चलने वाली 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगांव, नंदूरबार, वसई रोड, ठागे मार्ग होकर सीएसएमटी तक जाएगी। इसके अलावा 14 अक्टूबर को सीएसएमटी से चलने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस एक घंटे 35 मिनट, 15 अक्टूबर को 7 घंटे 5 मिनट देर से, 17 अक्टूबर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शाली एक्सप्रेस तीन घंटे 45 मिनट विलंब से, 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस 4 घंटे 20 मिनट विलंब से, एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट देर से, 18 अक्टूबर को 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट विलंब से, 16 अक्टूबर को 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस 7 घंटे विलंब से, 21 अक्टूबर को 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 3 घंटे और 22 अक्टूबर को 22865 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।

पेण्ड्रारोड-हर्री अंडरब्रिज बंद किया जाएगा कल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत पेण्ड्रारोड से हर्री स्टेशन के बीच स्थित हर्री फाटक में बने रेल अंडरब्रिज को 9 अक्टूबर शुक्रवार की सुबह 8 बजे से 11 अक्टूबर रविवार की रात 8 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य करने सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया गया है। रेल अंडरब्रिज पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था हर्री-वेंकटनगर स्टेशन के बीच स्थित रेल अंडरब्रिज से लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी।

सुमीत बाजार

बिलासपुर में आज पेपर कटिंग लाने पर

एक्सपोर्ट मूल्य ₹399 प्रति पीस वाली

एक्सपोर्ट क्वलिटी 100% कॉटन

सिंगलबेड

बेडशीट

₹175 प्रति पीस

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस

1 पीस बेडशीट की कीमत मात्र ₹175

बाजार मूल्य ₹399 प्रति पीस वाले

डायनिंग एवं सेंटल टेबल में रखने के लिये

एक्सक्लूसिव राउण्ड

चिड़ मैट

₹49 प्रति पीस

प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 पीस

1 पीस राउण्ड मैट की कीमत मात्र ₹49

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज पेपर कटिंग लाने पर... स्टॉक रहने तक दिया जाएगा

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

खबर संक्षेप

एसबीआई पेंशनर्स मीट में दी गई योजनाओं की जानकारी



बिलासपुर। भारतीय स्टेट बैंक में कलेक्टोरेट शाखा में बुधवार को एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पेंशनर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान डा. आरए शर्मा, जीआर चंद्रा, श्री दवे, श्री पाटनवार सहित अन्य अतिथि मौजूद थे। मुख्य शाखा प्रबंधक राजा शिंदे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जीवन प्रमाण पत्र, बैंक के सभी प्रोडक्ट की जानकारी हितग्राहियों को दी। उन्होंने पेंशनर्स को पेशनर्स लोन के बारे में भी बताया। 50 साल से बैंक के ग्राहक रहे अतिथि डा. आरए शर्मा ने बैंक की सेवा एवं अनुभव की जानकारी दी। वहीं श्री दवे एवं जीआर चंद्रा ने एसबीआई की पारदर्शिता के बारे में लोगों को बताया। पूर्व शाखा प्रबंधक योगेश तिवारी ने भी पेंशनर्स को बैंक द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और उसका लाभ उठाने का सुझाव दिए। श्रवण मिश्रा ने पेंशनर्स को बैंक का धरोहर बताया। राजा शिंदे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नेचर कैंप में किया गया सेवा संकल्प अभियान का आयोजन



बिलासपुर। नेचर कैंप बोईरपड़ाव खोंधरा में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय, वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार, उप वनमंडलाधिकारी टीआर मरई के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें सेवा संकल्प और अभियान के तहत मुख्य रूप से प्लास्टिक फ्री कैंपेन, व्यापक साफ सफाई, वन्यप्राणी संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान वनों को प्लास्टिक मुक्त रखने और वन्यप्राणियों को प्राकृतिक आवास को सुरक्षित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता और वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। अभियान को व्यापक रूप देते हुए सोंठी सर्किल के विभिन्न विद्यालयों में भी चलाया गया। इसमें बच्चों के लिए विशेष क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी यशपाल वर्मा, उड़नदस्ता प्रभारी ऋतु साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सफाई दीदी, खोंदरा सर्किल प्रभारी नागेन्द्र मिश्रा, परिसर रक्षक मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा के लिए चलाया जागरूकता अभियान



बिलासपुर। सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा बुधवार को देवकीनंदन चौक में दोपहर 1 बजे से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान राहगीरों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने सहित विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी गई। क्लब सदस्यों द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्लब की सचिव दीप्ति लता साहू, रेणुका श्रीवास्तव, लक्ष्मी निर्मलकर, सीमा श्रीवास्तव, प्रीतम केवट, प्रियंका रिकू , एवं क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मिडटाउन ने किया मूक-बधिर शाला में डस्टबिन का वितरण



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने नूतन कॉलोनी स्थित मूक-बधिर शाला में 2 अक्टूबर स्वच्छता दिवस के अवसर स्कूल परिसर में डस्टबिन का वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष आरती अंबष्ट, सचिव अंजिता उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद, जोन चेयरपर्सन आरती साहू, सुधा साव, सुलोचना सिंह बघेल, शशि आहूजा, रश्मि छाबड़ा, रेखा चंदेल की उपस्थिति रही।

जब्त गांजा नष्ट किया जाएगा मोहतराई में आज

बिलासपुर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस प्रकरणों के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थ गांजा का 8 अक्टूबर को विधिवत नष्टीकरण किया जाएगा। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में मोहतराई स्थित सुधा बायो पावर प्रा लिमिटेड की भट्ठी में की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर के अंतर्गत थानों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा एनडीपीएस प्रकरणों से संबंधित सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची और मूल दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य पाए गए गांजा व मादक पदार्थ को 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड, मोहतराई जिला बिलासपुर स्थित भट्ठी (फर्नेस) में जलाकर नष्ट किया जाएगा।

बीएलओ सत्यापन कर भरवाएंगे फार्म-6 | **एसआईआर पूर्ण राज्यों में चलेगा अभियान**

एसआईआर के बाद निर्वाचन आयोग का युवाओं व छूटे वोटरों को जोड़ने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसआईआर के बाद निर्वाचन आयोग एक बड़ा अभियान चलाने जा रही है। एसआईआर में छूटे पात्र वोटरों व नए युवाओं के नाम जोड़ने के लिए निर्वाचन आयोग विशेष अभियान शुरू कर रही है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और पात्र वोटरों एवं नए युवाओं से फार्म 6 भरवाएंगे।

निर्वाचन आयोग यह विशेष अभियान उन राज्यों में चलाने जा रही है जहां पर एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर को यह निर्देश जारी किया गया है। इसके अनुसार बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ प्री-एसआईआर और मौजूदा मतदाता सूची की तुलना करेंगे। इस दौरान ऐसे मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनका नाम पहले की सूची में था, किन्तु मौजूदा सूची में नहीं है। इसके बाद बीएलओ घर-घर जाकर संबंधित मतदाताओं की स्थिति का सत्यापन करेंगे। पात्र पाए जाने



पर उन्हें फार्म 6 के माध्यम से मतदाता सूची में शामिल कराने में सहायता की जाएगी। बीएलओ द्वारा तैयार बूथवार सूची फार्म 6 आवेदन और मैदानी सत्यापन रिपोर्ट संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ईआरओ को सौंपी जाएगी। इसके बाद ईआरओ निर्धारित कानून और नियमों के तहत आगे की कार्रवाई करेंगे।

फोकस नए युवा वोटरों पर

इस विशेष अभियान में केवल एसआईआर के बाद छूटे मतदाताओं को ही शामिल नहीं किया जाएगा, बल्कि पहली बार मतदान के पात्र हुए युवाओं और ऐसे अन्य पात्र नागरिकों की भी पहचान की जाएगी, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। बीएलओ जरूरत के अनुसार फार्म 6 भरवाने में मदद करेंगे। आयोग ने प्रत्येक बीएलओ को सप्ताह में करीब 20-25 मतदाताओं को कवर करने का लक्ष्य दिया है। पूरी सत्यापन प्रक्रिया करीब एक महिना में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान प्रत्येक संबंधित मतदाता की स्थिति दर्ज की जाएगी और जिन लोगों के फार्म 6 आवेदन भरे जाएंगे उसका भी रिकार्ड रखा जाएगा।

राजनीतिक दलों को भी मिलेगी सूची

निर्वाचन आयोग ने अभियान में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों बीएलए की भागीदारी का भी प्रावधान किया है। बीएलओ द्वारा तैयार बूथवार सूची इन प्रतिनिधियों के साथ साझा किया जाएगा। इससे छूटे पात्र मतदाताओं की पहचान और नाम जुड़वाने की प्रक्रिया में सहयोग का अवसर मिलेगा। मतदाता पंजीकरण को आसान बनाने के लिए बूथ लेवल कैंप और विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। ऐसे लोगों तक भी पहुंचने पर जोर रहेगा जो सामान्य परिस्थितियों में मतदाता पंजीकरण केन्द्रों तक आसानी से नहीं पहुंच पाते। आयोग ने स्थानीय स्तर पर जागरूकता गतिविधियां चलाने के भी निर्देश दिए हैं। आयोग का कहना है कि मतदाता पंजीकरण एक सतत प्रक्रिया है। इसलिए एसआईआर के दौरान किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल नहीं हो पाया है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसे मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है।

सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

विकसित भारत देशवासियों की सामूहिक भागीदारी से साकार होने वाला संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा देशभर में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बिलासपुर में सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन की शुरुआत 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हुई थी।

- **पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हाथों में मशाल लेकर निकली सेवा ज्योति यात्रा**

बहतराई स्थित स्व. बी. आर. यादव इनडोर स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने एकाग्रता के साथ सुना।



संकल्प से विकसित भारत यही सेवा संकल्प अभियान का संदेश

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, महापौर पूजा विधानी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, कमल गर्ग, किशोर राय, निगम सभापति विनोद सोनी, रतनपुर नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप आदि मौजूद थे।

सभा के पश्चात सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। हाथों में प्रज्वलित मशाल लेकर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। यात्रा बहतराई स्थित इनडोर स्टेडियम से प्रारंभ होकर भक्त माता कर्मा चौक होते हुए जिला खेल परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया और सेवा, सुशासन तथा विकसित भारत के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की निरंतर यात्रा का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर का दिन प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल की है। श्री साव ने कहा कि 'विकसित भारत' केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देशवासियों की सामूहिक भागीदारी से साकार होने वाला संकल्प है। सेवा ज्योति यात्रा इसी संकल्प, सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन का यह अवसर कार्यकर्ताओं के लिए भी सेवा और जनकल्याण के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

"आइडियाथॉन" में बच्चों ने दिखाया नवाचार का दम, स्मार्ट वॉच प्रथम



बिलासपुर। कोडविद्या इंडिया प्रा. लि. द्वारा एसईसीएल के सहयोग से बुधवार को वसंत विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आइडियाथॉन 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित शीर्ष 10 टीमों ने अपने स्टार्टअप आइडिया प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने रोबोट एवं विभिन्न प्रोटोटाइप के माध्यम से वास्तविक जीवन की समस्याओं के व्यावहारिक और नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बेहतर तालमेल से ऐसे प्रोजेक्ट तैयार किए, जो रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के साथ भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखते हैं। सभी टीमों ने निर्णायकों एवं अतिथियों के समक्ष अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन आइडिया की उपयोगिता के आधार पर किया गया। यह परियोजना कोडविद्या द्वारा एसईसीएल के सहयोग से एसईसीएल के अंतर्गत संचालित सभी 9 डीएवी स्कूलों में चलाई जा रही है। इसके तहत विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिटिक्स, वित्तीय साक्षरता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में कौशल आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारी विचारों एवं मॉडलों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। श्री दास ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और इस तरह के मंच उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने तथा आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। आज के ये युवा नवाचारी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में मानव जीवन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

"नौकरी मांगने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें विद्यार्थी"

कोडविद्या के संस्थापक शिवराम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि माई स्कूल माई स्टार्टअप विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार और समस्या समाधान की सोच विकसित करने का प्रयास है।डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री के. पार्थिपन ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रोबोट एवं प्रोटोटाइप उनकी रचनात्मकता और तकनीकी समझ को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कोडविद्या के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री चैतन्य ने अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन दलों का वोट बचाओ देश बचाओ मार्च आज



बिलासपुर। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के साथ 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वोट बचाओ, देश बचाओ नारे के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी के तहत गुरुवार को कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के साथ अंबेडकर प्रतिमा से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट घेराव करने पहुंचेंगे।

इसी विषय को लेकर बुधवार को कांग्रेस भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित की गई थी, जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, जिला कांग्रेस कमेंटी शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता प्रदेश अभयनारायण राय, जिला सचिव सीपीआई पवन शर्मा, जिला सचिव सीपीएम सुखऊ निषाद, जिला सचिव सीपीआई माले लल्लन राम, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष धनीराम यादव, एनसीपी शरद पवार पार्टी के महासचिव संजय सिंह चौहान उपस्थित रहें। कांग्रेस की ओर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सिद्धांशु मिश्रा एवं महेन्द्र गंगोत्री ने बताया कि वर्तमान केन्द्र की मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना प्रारंभ किया है, जिसका ताजा उदाहरण भारत निर्वाचन आयोग है। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार पर उनके ही सहयोगी अन्य दो सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय न लेने पर आपत्ति जताई है। उक्त बात जनता के बीच आने के बाद से कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एवं देश के सभी विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ने 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वोट बचाव देश बचाओ नारे के साथ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन जारी किया है, जिसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल शामिल है। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि बिलासपुर में इंडिया गठबंधन दलों की बैठक हुई, जिसमें 8 अक्टूबर को बाबा भीमराव अंबेडकर के मूर्ति के पास इकट्ठे होकर कांग्रेस सीपीआई सीपीएम सीपीआई माले समाजवादी पार्टी एनसीपी शरद पवार के सभी पदाधिकारी वोट बचाओ देश बचाओ नारे के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर का घेराव कर ज्ञानेश कुमार की इस्तीफे के मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे।

हटिया से एलटीटी के बीच तीन-तीन फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन 12 से

बिलासपुर। रेलवे ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर एक और पूजा स्पेशल ट्रेन हटिया से एलटीटी के बीच चलाने नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसका परिचालन 12 अक्टूबर से तीन-तीन फेरे के लिए किया जाएगा।

यात्रियों की भीड़ को कम करने और तीर्थ स्थल तक जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सभी रेलवे के लिए 100 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा तो कर दी थी, लेकिन यह आदेश बिलासपुर जोन मुख्यालय तक नहीं पहुंच सका था। स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं होने के कारण सभी एक्सप्रेस ट्रेनो के स्लीपर कोच में वेटिंग का आंकड़ा 100 से अधिक और एसी थर्ड में वेटिंग 57 से अधिक होने से कंफर्म बर्थ की मुश्किल हो रही थी। रेल प्रशासन ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए कुछ दिन पहले एक स्पेशल ट्रेन एलटीटी से सांतरागाछी के बीच चार फेरे के लिए परिचालन करने का आदेश जारी किया था। यह गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन एलटीटी से 6 से 27 अक्टूबर तक प्रत्येक मंगलवार को और गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन सांतरागाछी से 8 से 29 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ स्टेशनों के अलावा दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, ईगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर तथा खड़गपुर स्टेशनों में दिया गया है। स्पेशल ट्रेन में 02 पावरकार, 15 एसी-थ्री, 03 एसी-टू, 1 एसी-फर्स्ट, 1 पेंट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को 20.20 बजे रवाना होकर बिलासपुर स्टेशन 16.45 बजे पहुंचकर 16.55 बजे और गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को 11 बजे रवाना होकर बिलासपुर 22.25 से 22.35 बजे तक पहुंचेगी। इस ट्रेन के अलावा मंगलवार को एक और ट्रेन हटिया से एलटीटी के बीच चलाने का आदेश दिया गया है।



डॉग्स के लिए स्मार्ट वॉच को पहला पुरस्कार

मूल्यांकन के बाद विजेता टीमों की घोषणा की गई। "डॉग्स के लिए स्मार्ट वॉच" के आइडिया को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार की प्रोत्साहन राशि दी गई। एआई शिक्षकों वाले ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म को द्वितीय पुरस्कार 30 हजार "न्याय मित्र" वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म को तृतीय पुरस्कार 20 हजार प्रदान किए गए।

सराफा एसोसिएशन की पार्किंग और यातायात व्यवस्था की दिशा में पहल



बिलासपुर। बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित "सेवा संकल्प अभियान एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान के 21वें दिन विशेष सेवा एवं जनहित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर से भी जुड़ा रहा।

इस अवसर पर सेवा, स्वच्छता और जनसुविधा को केंद्र में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कमल सोनी के मार्गदर्शन में सुबह बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा सदर बाजार-खपरगंज मार्ग पर खपरगंज स्कूल के पास पार्किंग की समस्या को देखते हुए सड़क किनारे स्थित एक पुराने एवं अनुपयोगी यूरिनल क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। इसके बाद शाम को उसी स्थान को व्यवस्थित पार्किंग स्थल के रूप में विकसित कर आम नागरिकों एवं व्यापारियों के उपयोग के लिए तैयार किया गया। कमल सोनी ने फीता काटकर पार्किंग व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। वहीं एसोसिएशन की टीम द्वारा सदर बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। सड़क पर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे वाहनों एवं दुकानों के बाहर सड़क तक फैली सामग्री के संबंध में संबंधित दुकानदारों से सीधे संवाद किया गया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए रास्ते को व्यवस्थित कराया गया।

व्यापारियों से अपील की गई कि वे सड़क एवं आवागमन के मार्ग को बाधित न करें। सराफा एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जहां भी भविष्य में उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, वहां जनसुविधा एवं व्यवस्थित पार्किंग की आवश्यकता को देखते हुए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर सराफा समाज के सदस्यों एवं स्थानीय व्यापारियों ने कमल सोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

जिला पशु चिकित्सालय के रोग अनुसंधान केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना नहीं

रोग का पता लगाए बिना पशुओं का इलाज, केंद्र में डॉक्टर नहीं

बिलासपुर। शहर में वर्ष 1926 में स्थापित किया गया जिला पशु चिकित्सालय का रोग अनुसंधान केंद्र एक डॉक्टर के लिए तरस रहा है। यहां विगत लंबे समय से डॉक्टर की कोई पदस्थापना नहीं की जा सकी है। इस केंद्र की स्थापना बीमार पशुओं के खून-पेशाब की जांच कर रिपोर्ट के आधार पर उनका इलाज करने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन यहां विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना ही नहीं होना यहां होने वाले इलाज की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

अस्पताल और डॉक्टर का आपस में गहरा संबंध है। एक-दूसरे की उपस्थिति के बगैर रोगी को बेहतर इलाज की सुविधा मिल पाना कठिन है। जबकि पशुपालन विभाग का शहर में स्थापित बरसों पुराना जिला पशु चिकित्सालय इस कठिन कार्य को भी करके दिखा रहा है। शहर के भीतर पशु चिकित्सालय में तो डॉक्टर की पदस्थापना है, लेकिन अस्पताल परिसर में ही स्थापित रोग अनुसंधान केंद्र में डॉक्टर की कोई व्यवस्था नहीं है। रोग अनुसंधान केंद्र का मुख्य उद्देश्य बीमार पशुओं के खून-पेशाब की जांच कर उनके रोग का पता लगाना



और फिर सही दिशा में समुचित इलाज करना है। जबकि सवाल यह है कि अनुसंधान केंद्र में डॉक्टर ही नहीं होने से खून-पेशाब की जांच कैसे होती होगी? यह मान भी लिया जाए कि खून-पेशाब की जांच हो रही होगी तो बड़ा सवाल यह है कि उस जांच रिपोर्ट को बगैर डॉक्टर के प्रमाणित कौन करता होगा? जिले के पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों में डॉक्टर व स्टाफ की कमी को लेकर पशुपालन विभाग द्वारा अपने स्तर पर मुख्यालय को अवगत तो कराया जा रहा है, लेकिन नतीजा फिलहाल शून्य है।

37 पशु औषधालय, ज्यादातर में कंपाउंडर तक नहीं

राज्य शासन के नियमों के अनुसार चिकित्सालयों में डॉक्टरों की नियुक्ति की जानी है व औषधालयों में इलाज की जिम्मेदारी एवीईएम याने कंपाउंडर की होगी। जिले में कंपाऊंडर के 115 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 40 पद रिक्त हैं। अब इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गांव-देहात में स्थापित किए गए पशु औषधालयों में इलाज की स्थिति कैसी होगी। औषधालय के नाम पर गांव-देहात में नए भवन तो बना दिए गए हैं, लेकिन इलाज नहीं है।

शासन को अवगत कराया जाता है

जिले के 16 पशु चिकित्सालयों में से तीन में चिकित्सक नहीं हैं। इनमें शहर में स्थापित जिला पशु चिकित्सालय का रोग अनुसंधान केंद्र भी शामिल है। इसी तरह जिले के 37 पशु औषधालयों में से कई में एवीईएम स्टाफ नहीं है। इस संबंध में समय-समय पर शासन को अवगत कराया जाता है। डीएमएफ से स्वीकृत एवीईएम के 26 पदों पर भर्ती होने के बाद स्थिति में सुधार आ जाएगा।

-डॉ जीएसएस तंवर, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धूप और आग में तपने वालों की बढ़ती है कीमत : साव





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को विधायक ने दिया 11 हजार का पुरस्कार

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और खेलमंत्री अरूण साव ने धूप में घंटो बैठे बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सोना जितना धूप और आग में तपता है, उसकी चमक और कीमत उतनी ही बढ़ती है। बच्चे जितनी मेहनत करेंगे उतनी ही ऊंचाई तक पहुंचेंगे।

बुधवार की दोपहर 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की ओपनिंग बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र के आउटडोर मैदान में हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि हमारी बेटियों ने इस तपती धूप में भी अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ भारत माता की वंदना का सुंदर प्रस्तुतीकरण दिया। बिलासपुर का यह बहतराई स्टेडियम कोई साधारण मैदान नहीं है। यह एक उर्वर धरती है, जिसके मैदान पर खेलकर संजू देवी ने एशियन गेम्स कबड्डी में स्वर्ण और मधु सिदार, गीता यादव ने अंडर 19 महिला हॉकी में देश को स्वर्ण पदक दिलाया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को 11 हजार रुपए का ईनाम देते हुए कहा कि हम अक्सर हम अक्सर परिणाम की अपेक्षा करते हैं, लेकिन प्रयासों में कमी रह जाती है। खेल भावना हमें यही सिखाती है कि यहाँ कोई हारता नहीं या तो कोई जीत जाता है या फिर सीखते हैं। यह तभी संभव होगा जब हम खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि मैदान के उन्नयन में हर संभव सहयोग प्रदान करें, ताकि इसे मध्य भारत के सबसे बड़े और उत्कृष्ट खेल संस्थान के रूप में स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे, भाजपा शहर अध्यक्ष दीपक सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल, तिलक साहू, जनक देवांगन, संदीप पाण्डेय डीईओ, ओम पाण्डेय डीएमसी, वर्षा शर्मा सहायक संचालक, बसंत प्रताप सिंह सहायक संचालक योजना, आनंद पाण्डेय एडीपीओ, जीडी गर्ग सहायक संचालक क्रीड़ा, डॉ.अखिलेश तिवारी, डॉ.सुरेश शुक्ला, रितेश सिंह, अजय त्रिपाठी, विनय मौर्य, हर्ष शर्मा, जय कौशिक, सुभाष त्रिपाठी, प्रदीप पाण्डेय, संदीप त्रिपाठी, जयप्रकाश मानिकपुरी, धीरेन्द्र पाठक, लीना शर्मा, निशा दुबे, सुयश दुबे, फरीदा बेगम, अमृता, मधु सिंह, गायत्री तिवारी, स्मिता चोपड़े, डॉ.धनीराम यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।



बिलासपुर और दुर्ग का दबदबा

प्रतियोगिता के हॉकी मुकाबले एस्ट्रोटर्फ मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें हॉकी 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में बिलासपुर और दुर्ग संभाग का दबदबा देखने को मिला। बालक वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को 12-0 से, दुर्ग ने रायपुर को 10-0 से, बालिका वर्ग में बिलासपुर की टीम ने सरगुजा को 7-1 से हराकर शानदार जीत हासिल किया। इसी तरह कबड्डी के 19 वर्ष बालक वर्ग में भी बिलासपुर ने सरगुजा को 52-12 अंक से, दुर्ग संभाग ने रायपुर को 55-34 से मात देकर मैच अपने नाम किया।

तीरंदाजी में बिलासपुर व बस्तर का शानदार प्रदर्शन

इसी तरह तीरंदाजी इंडियन राउंड में बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले में बिलासपुर व बस्तर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में 686 अंक के साथ प्रथम स्थान बिलासपुर संभाग के विक्रम राज को, दूसरा स्थान 651 अंक के साथ बिलासपुर संभाग के जतिन सिंह धवे को, तीसरा स्थान 634 अंक के साथ बस्तर संभाग के मनीष कुमार को, चौथा स्थान 634 अंक के साथ बिलासपुर संभाग के आयुष धिरहे को मिला। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बिलासपुर संभाग की अंकिता यादव को, दूसरा स्थान बस्तर संभाग की सरिता बघेल को, तीसरे और चौथे स्थान पर बिलासपुर संभाग के विनिता नेता और लावण्या मसराम रहे।

आयोजन

सीजी रास गरबा में दिखेगा छत्तीसगढ़ी संस्कृति का रंग

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति के रंग में रंगा सीजी रास गरबा 11, 12 अक्टूबर को अशोक नगर रोड बिरकोना बायपास स्थित राज कंस्ट्रक्शन के सामने आयोजित होगा। लगातार चौथे वर्ष होने जा रहे इस आयोजन को इस बार बड़े स्वरूप में किया जा रहा है। बढ़ती भीड़ और पिछले आयोजनों को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए करीब चार एकड़ में आयोजन की व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता में आयोजक राहुल साहू ने बताया कि पिछले वर्षों में पार्किंग को लेकर आने वाली दिक्कतों को देखते हुए इस बार वाहनों के लिए अलग और पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कार और दोपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। 11 अक्टूबर को मिस फेमिना इंडिया छत्तीसगढ़ अंकिता सोन विशेष अतिथि के रूप में एवं 12 अक्टूबर को चर्चित टीवी सीरियल 'मन की आवाज प्रतिज्ञा' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री पूजा गौर शामिल होंगी।



कार्यक्रम

देहरादून में गूंजेगी शहर के 11 वर्षीय बालक के भजन की स्वर लहरी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी से सम्मानित बाल भजन गायक तनिष्क वर्मा की प्रस्तुति 10 अक्टूबर को देहरादून उत्तराखंड में होगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें विशेष प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा ने दिया है। अधिवेशन के अगले दिन 11 अक्टूबर को तनिष्क देहरादून के दिव्य ज्योति जागरण संस्थान में भी भजन प्रस्तुत करेंगे। मात्र 11 वर्ष की उम्र में तनिष्क देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुति दे चुके हैं। इनमें प्रयागराज का महाकुंभ मेला, भुवनेश्वर (उड़ीसा) का विश्वप्रसिद्ध लिंगराज मंदिर, बेंगलुरु का आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर और पुरी उड़ीसा की रथ यात्रा शामिल है। अपनी इस उपलब्धि से उन्होंने बिलासपुर और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।



■ राष्ट्रीय अधिवेशन में विशेष प्रस्तुति देंगे बाल कलाकार



मेहता के भजनों से भक्तिमय हुआ सत्संग

बिलासपुर। आर्ट ऑफ़ लिविंग उदयपुर से आए प्रवीण मेहता का सत्संग कार्यक्रम शिव शक्ति हॉल में आयोजित किया गया। इसमें गायक कलाकार श्री मेहता के भजनों ने समा बांधा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी सक्रिय वॉलिंटियर्स का सम्मान किया गया। इन 50 वॉलिंटियर्स ने अपने सेंटर को बढ़ाने में योगदान दिया है। सम्मान अपेक्स मेंबर बिलासपुर विनोद पांडेय तथा जिला टीचर को-ऑर्डिनेटर रूप सिंह के हाथों ट्रॉफी देकर किया गया।सत्संग का प्रारंभ गणेश वंदना गीत-मोरया रे बप्पा मोरया..से किया गया। इसके बाद दिव्य माहौल में देवी भजन-जागो जागो मां....,दुर्गे नंदिनी..,परमेश्वरी जय दुर्गा..जैसे भजनों ने लोगो को झूमने मजबूर कर दिया। यह आयोजन नवरात्रि की तैयारी बतौर किया गया। सभी ने नवरात्रि में शामिल होने का संकल्प लिया। यह आयोजन सकरी बिलासपुर में 16, 17 और 18 अक्टूबर को वेद पंडितों बेंगलुरु द्वारा किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में यश मिश्रा, डॉ बीबी अग्रवाल, श्वेता, प्राजंल अग्रवाल, स्पर्श मिश्रा सहित सभी वालंटियर का सहयोग रहा।



अग्रवाल नवयुवक और महिला समिति का आयोजन

नन्हें प्रतिभागियों ने स्वच्छता देशभक्ति का दिया संदेश

बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को अग्रसेन भवन में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न वेशभूषाओं में नजर आए नन्हे प्रतिभागी, पर्यावरण संरक्षण से लेकर स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश दिया। जिससे मनोरंजन के साथ सामाजिक सरोकारों के संदेश सजते रहे। बच्चों में रचनात्मकता और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा और प्रभावी प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक मेसर्स पूजा रेसीडेंसी, मुकेश बालकिशन सिंघानिया थे। वही आयोजक कपिल जाजोदिया, विवेक अग्रवाल (बिल्लू), सीए अंशुमन जाजोदिया, मोनिल निशानिया, सुमित निशानिया, सार्थक अग्रवाल (गुड़ाखू) थे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मंगतराय अग्रवाल, परसराम अग्रवाल, भोलाराम मित्तल, सुनील सोंथालिया,ओम मोदी, राजुल जाजोदिया, आशीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, महेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। फिट मॉम प्रतियोगिता मे महिलाओ को मां की जिम्मेदारियों के साथ बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने फिट मॉम प्रतियोगिता में मम्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। 8 अक्टूबर को शाम 4 बजे से जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में 60 वर्ष या उससे ऊपर के पुरूषों के लिए साठ के ठाठ कार्यक्रम होगा। शाम 6.00 बजे , रायपुर रोड, तिफरा स्थित ग्रैंड लोटस में अंताक्षरी का कार्यक्रम होगा।

अभियान

एक पेड़ पितरों के नाम अभियान के तहत स्कूल में लगाए गए पौधे

बिलासपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं पितरों की स्मृति को समर्पित करते हुए शांता फाउंडेशन ने "एक पेड़ पितरों के नाम" अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पौधरोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। संस्था के इस कार्य का प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सराहना की। शांता फाउंडेशन के संस्थापक नीरज गेमनानी ने कहा कि पितरों की स्मृति में पौधारोपण करना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सुंदर माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। फाउंडेशन की ओर से लोगों से अपील की गई कि वे इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण तैयार करने में योगदान दें।



चार दिवारी को बनाएं आत्म परिवर्तन की तपोभूमि

बिलासपुर। केंद्रीय जेल बिलासपुर में बंदियों के मानसिक उत्थान, सकारात्मक सोच के विकास तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन की वरिष्ठ राजयोगिनी शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने सकारात्मक चिंतन विषय पर मार्गदर्शन दिया।

सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संतोषी दीदी ने कहा कि सकारात्मक चिंतन का मतलब यह नहीं कि हम अपनी मुश्किलों को नजर अंदाज कर दें बल्कि कि हम इस बात पर ध्यान दें कि इन मुश्किलों के बीच भी हम खुद को कैसे बेहतर बना सकते हैं। मनुष्य के जीवन की दिशा उसके विचारों से तय होती है। चारदीवारी शरीर को कैद कर सकती है, विचारों को नहीं। सच्ची स्वतंत्रता मन की स्थिति में निहित है। विचार हमेशा स्वतंत्र है। यदि हम अपने विचारों को सकारात्मक बना लें तो यह चार दिवारी एक सजा नहीं बल्कि एक तपोभूमि बन जाएगी। जहां हम खुद को तलाश कर एक नया इंसान बन सकते हैं। इस समय को एक अभिशाप मानने के बजाय यह सोचे कि यह जिंदगी द्वारा खुद को सुधारने का एक मौका दिया है। अपराध या गलती जो भी हुई उसके लिए ईश्वर से माफी मांगे और खुद को भी माफ करें जब तक भी खुद को माफ नहीं करेंगे तब तक आगे बढ़ने की सकारात्मक ऊर्जा नहीं मिलेगी। अंत में सभी कैदी भाइयों को व्यवहारिक राजयोग का अभ्यास कराया गया।



■ केंद्रीय जेल में कैदी भाईयों के लिए विशेष सत्र

वर्तमान पूरी तरह हमारे हाथ में

दीदीजी ने समझाया कि अतीत में जो कुछ भी हुआ, वह एक भूल या परिस्थिति का परिणाम हो सकता है, लेकिन वर्तमान पूरी तरह हमारे हाथ में है। यदि हम हर क्षण सकारात्मक चिंतन का अभ्यास करें, तो हम अपने भीतर छिपे देवत्व को पुनः जाग्रत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य के अंदर अच्छाई का एक बीज होता है, आवश्यकता उसे सही ज्ञान और सकारात्मकता का जल देने की है। उन्होंने कैदी भाइयों को आपस में मिलजुलकर रहने की सीख देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में दुआएं देने और दुआएं लेना चाहिए। जब हम एक-दूसरे के प्रति मन में शुभ भावना और अच्छी दुआएं रखते हैं, तो हमारा आसपास का वातावरण स्वतः ही सकारात्मक हो जाता है।



माहौल आध्यात्ममय बना रहा

भजन प्रतियोगिता में महिलाओं ने दी प्रस्तुति

बिलासपुर। सेवा भारती के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर तिलकनगर में भजन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें महिलाओं की कई टीम ने भाग लेकर एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

जयंती

जनजाति समाज का अतीत रहा गौरवशाली : भगत



बिलासपुर। वीरांगना रानी दुर्गावती की 502वीं जन्म जयंती पर जनजाति गौरव समिति के तत्वावधान में एक सामाजिक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता इंदर भगत प्रदेशाध्यक्ष जनजाति गौरव युवा समिति छग. ने कहा कि जनजातीय समाज को अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व करना चाहिए। भारत की अखंडता एवं सार्वभौमित्व पर जब जब आक्रमण हुआ तब तब जनजातीय समाज, प्रतिकार करने में सबसे आगे रहा है। मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का स्वागत पारंपरिक कर्मा नृत्य दल के रंगारंग नृत्य से किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जनजातीय समाज को जागृत होकर अपनी संस्कृति की रक्षा हेतु सजग रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि आदिवासी वनवासी समाज की प्रकृति और सभी प्राणियों के प्रति अगाध प्रेम को आज के भारतीय समाज को आत्मसात करना होगा। इस समाज ने सदैव प्रकृति का संरक्षण करते हुए अपना जीवन यापन किया है। इस मौके पर डॉ सीएस उइके संरक्षक गोंड समाज, पीएस पट्टा अध्यक्ष गोंड समाज प्रमुख, चैन सिंह विंध्यराज प्रमुख बिंझवार समाज, वेदसिंह मरकाम सहायक संचालक ऑडिट विभाग बिलासपुर, मोहन सुंडी मुंडा समाज उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

देवी दुर्गा के स्वागत में सजेगी रंगोली, पंडालों में की जा रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व अब एकदम निकट है। पितृ पक्ष के समाप्त होते ही नवरात्रि शुरू हो जाएगी। नवरात्रि के बाद दशहरा, दिवाली पर्व आ जाएगा। इन सभी पर्वों में रंगोली सजाने का विधान है। घर-घर रंगोली सजने लगेगी। वहीं देवी दुर्गा के स्वागत में भी पंडालों में रंगोली सजाई जाएगी। इसकी समिति द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है।

रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। अलग अलग प्रदेशों में रंगोली के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसकी यही विशेषता इसे विविधता देती है और इसके विभिन्न आयामों को भी प्रदर्शित करती है। इसे सामान्यतः त्योहार, व्रत, पूजा, उत्सव, विवाह आदि शुभ अवसरों पर सूखे और प्राकृतिक रंगों से बनाया जाता है। इसका उद्देश्य सजावट और सुमंगल है। इन्हें प्रायः घर की महिलाएं बनाती हैं। इसके लिए प्रयोग में लाए जाने वाले पारंपरिक रंगों में पिसा हुआ सूखा या गीला चावल, सिंदूर, रोली, हल्दी, सूखा आटा और अन्य प्राकृतिक रंगो का प्रयोग किया जाता है। पर्व के मद्देनजर तारबाहर नाका सहित अन्य स्थानों में रंगोली की दुकानें सजने लगी है। एंथोनी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने बताया कि इस साल भी कई कलरों की रंगोली व लक्ष्मी पांव, स्वास्तिक सहित कई तरह के ठप्पे उनके पास उपलब्ध है। जिसे थोक व चिल्हर में बेचा जा रहा है। संस्कार भारती की बुक भी है। जिसे देख कर विविध तरह की रंगोली सजाई जा सकती है।



घर-घर भी बनने लगेगी रंगोली, फूलों का बढ़ जाएगा क्रेज

सकारात्मकता का प्रतीक

भारतीय संस्कृति में रंगोली का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व है। घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाना शुभता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। अभी नवरात्रि में देवी दुर्गा का स्वागत भी रंगोली सजा कर किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार घर के द्वार पर रंगोली बनाने से धन और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी का आगमन होता है। रंगोली को भूमि-शुद्धिकरण और नकारात्मक शक्तियों को घर से दूर रखने का माध्यम भी माना जाता है।

जीवित रखती है भारतीय संस्कृति

दिवाली, नवरात्रि, ओणम और पोंगल जैसे पावन पर्वों पर रंगोली विशेष रूप से रंगोली सजाई जाती है। चावल के आटे, प्राकृतिक रंगों, हल्दी और फूलों से बनने वाली यह लोक-कला पीढ़ी दर पीढ़ी भारतीय संस्कृति को जीवित रखती है।

खबर संक्षेप

अज्ञात लोगों ने पार की बाइक, जुर्म दर्ज

तखतपुर। पेड़ के नीचे खड़ी दुपहिया वाहन को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेण्ड्री निवासी सूरज कुमार यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 2 अक्टूबर की सुबह उसने अपनी दुपहिया क्रमांक सीजी 10 एई 6724 को बकरी बाजार मोढ़े चौक में पेड़ के नीचे खड़ी की थी। दो घंटे बाद जब वापस आया तो उसने देखा, दुपहिया वहां से गायब थी। इस पर उसने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

पत्नी के साथ गाली-गलौज मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। शराब पीकर पत्नि के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने वाले आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर निवासी दीप्यानी पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका पति तुलसी पोर्ते आए दिन मेरे पसंद के अनुसार शादी नहीं हुई है कहकर उसे प्रताड़ित करता था। इसी क्रम में 5 अक्टूबर की रात तुलसी शराब पीकर आया और पत्नि के साथ गाली-गालौज करते हुए मारपीट कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा आरोपी के खिलाफ 115,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

निधन

गायत्री गुप्ता

सीपत। गुड़ी निवासी भाजपा नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गुप्ता का 66 वर्ष की उम्र में 7 अक्टूबर को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता स्व बलदाऊ प्रसाद गुप्ता की सुपुत्री व स्व नरेंद्र साव की धर्मपत्नी थीं। वे लक्की, सोनल व रीना गुप्ता की माता थीं। उनके अंतिम संस्कार में स्थानीय लोग, सामाजिक व राजनीतिक संगठन के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कावेरी बाई तिवारी

बिलासपुर। बाजार चौक तिफरा निवासी कावेरी बाई तिवारी पति स्व. बलदाऊ प्रसाद तिवारी मसना तखतपुर का निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं । उनका अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तिफरा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे 5 पुत्रियों और 3 पुत्र छोड़ गई हैं।



जमोत्रीबाई मिश्रा

बिलासपुर। जमोत्रीबाई मिश्रा सोनसरी बिलासपुर वाले का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को देवेन्द्र नगर रायपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय राधेश्याम मिश्रा की पत्नी, डॉ. अशोक मिश्रा स्वर्णभूमि रायपुर की माता थीं।



कोमल बजाज

बिलासपुर। सिंधी कालोनी निवासी कोमल बजाज का निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा संस्कार 7 अक्टूबर बुधवार को झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी में किया गया। वे शोभराज बजाज की धर्मपत्नी, जय,आकाश,नवीन बजाज की माता थीं।



ईश्वर यादव

बिलासपुर। शांति नगर निवासी ईश्वर यादव पिता स्वर्गीय विजय राम यादव का 7 अक्टूबर बुधवार को हों गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर को सीपत के ग्राम नारगोड़ा में किया जाएगा।



हितग्राहियों को मिला विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

गांवों तक पहुंच रही शासन की योजनाएं: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत बिल्हा विकासखंड के ग्राम सेंदरी में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर 111 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 84 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

विधायक श्री शुक्ला ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं और शासकीय सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सहजता से पहुंचे। सेवा सेतु शिविर इसी उद्देश्य को साकार करने की महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से शासन-प्रशासन स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है और उनके त्वरित समाधान का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो, यही ऐसे शिविरों की सार्थकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त शेष आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं, पात्रता और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों द्वारा उनके निराकरण की कार्रवाई की गई। मौके पर निराकृत नहीं हो सके आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष शरामकुमार कौशिक, जनपद सदस्य राजेंद्र साहू, रामकुमार पटेल, मनीष कौशिक, ग्राम पंचायत के सरपंच, सीईओ जनपद कुमार लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विकसित भारत के संकल्प के साथ निकली सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण पतगवां, पेंड्रा में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। उन्होंने राष्ट्रसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाने तथा देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए सभी से पूर्ण ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ योगदान देने का आह्वान किया। संबोधन में उन्होंने सेवा ज्योति यात्रा में शामिल स्वयंसेवकों एवं देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक, स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह: 20 प्रशिक्षु वनरक्षकों को मिला प्रशिक्षण

लोरमी। 'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के पांचवें दिन वनरक्षक प्रशिक्षण शाला सक्ती के 69वें सत्र के 20 वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों के दल ने अचानकमार टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया। इस दौरान प्रशिक्षु वनरक्षकों को वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवास प्रबंधन, आधुनिक निगरानी तकनीक एवं वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण सैद्धांतिक एवं मैदानी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान रेंज ऑफिसर सुरही एवं प्रभारी एंटी पोचिंग स्क्वाड तथा स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स अमर सिंह यादव एवं ट्रैप कैमरा विशेषज्ञ श्री राजकुमार यादव ने प्रशिक्षार्थियों को फील्ड में ट्रैप कैमरा लगाने का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया।

- वन्यजीव व्यवहार और अपराध नियंत्रण पर दी गई जानकारी

प्रशिक्षार्थियों को ट्रैप कैमरा स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन, सही एंगल, कैमरा लगाने का तरीका एवं अन्य तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इससे प्रशिक्षु वनरक्षकों को वन्यजीवों की गतिविधियों की आधुनिक तकनीक से निगरानी करने की व्यावहारिक समझ मिली। फील्ड प्रशिक्षण के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी अचानकमार वर्षा गर्ग एवं भूषण द्वारा ग्रासलैंड मैनेजमेंट की जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को खाद्य एवं अखाद्य घासों की पहचान, उनके प्रबंधन तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में घासभूमि के महत्व के संबंध में विस्तार से समझाया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने मौके पर ग्रासलैंड प्रबंधन की गतिविधियों को समझते हुए वन्यजीवों के लिए बेहतर प्राकृतिक आवास विकसित करने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। विशेष रिसोर्स पर्सन मंसूर अली खान, वन्यप्राणी विशेषज्ञ एवं प्रोजेक्ट एलीफेंट की स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य की विशेष उपस्थिति में वन्यजीवों के व्यवहार, मानव-वन्यजीव द्वंद्व को रोकने के उपाय एवं वन्यप्राणी प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षु वनरक्षकों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण की वास्तविक मैदानी परिस्थितियों से परिचित कराना और उनकी व्यावहारिक कार्यकुशलता को मजबूत करना रहा। ट्रैप कैमरा तकनीक, ग्रासलैंड मैनेजमेंट, वन्यजीव व्यवहार, मानव-वन्यजीव द्वंद्व एवं वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण जैसे विषयों पर प्रशिक्षार्थियों को संरक्षण कार्यों की व्यापक समझ प्रदान की गई। प्रशिक्षण सत्र में गुलशन कुमार साहू, सहायक संचालक एटीआर करगीरोड कोटा, वर्षा गर्ग, परिक्षेत्र अधिकारी अचानकमार, अमर सिंह यादव, रेंज ऑफिसर सुरही एवं प्रभारी एंटी पोचिंग स्क्वाड एवं स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स, राजकुमार यादव सहित संबंधित मैदानी अमला उपस्थित रहा।

जनजाति महापर्व बस्तर दशहरा का काछिन गादी देवी पूजा महोत्सव प्रथम स्तंभ 10 को



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग जादलपुर में विश्व प्रसिद्ध 75दिवस तक चलने वाला दशहरा मेला अपने आप में जनजाति गौरव अस्मिता को आज भी प्रसिद्धि के रूप में जन जन तक संचार माध्यम से प्रसारित कर रही है। इस महोत्सव में पनिका जाति की कुंवारी कन्या को काछिन देवी सवार होता है, यह देवी विजय प्रदान करने वाली, रण देवी के रूप में स्वीकार की जाती है।विगत वर्ष से पनिका जाति की इस कुंवारी कन्या रुपीहू पनकारको यह सवारी आती है। जगदलपुर के भंगा चौक में काछिन पूजा स्थल में ज्योत कलश से आरम्भ होकर 4 अक्टूबर को बालू रस्म कार्यक्रम पूरा हुवा,जिसमें बस्तर संभाग के पनका/पनिका लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। काछिन गादी पूजा उत्सव में भाग लेने इस बार बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, रायपुर तथा मध्यप्रदेश और उड़ीसा के पनका/पनिका समुदाय के लोग जगदलपुर के लिए रवाना होंगे,75 दिवस तक चलने वाला इस महोत्सव का प्रथम स्तंभ होता है जगदलपुर के राजा के द्वारा अपने महल से पूरे लाव लश्कर के साथ बाजे गाजे फ़ौज फटाखे के साथ काछन मंदिरस्तक आते हैं, इस गादी की देवी रविजय रण देवी बेल के कांटो से बने झूले में झूलती रहती हैं,जिनकी पूजा अर्चना,मान आदर कर राजा जैसे ही ढाई महीने तक विश्व प्रसिद्ध दशहरा को प्रारंभ करने की अनुमति मांगते हैं उसी समय देवी सवार होती है अनायास उस रण देवी जो विजय दिलाने वाली ,और जन जन के सुख शांति, सौहार्द भाई चारा प्रेम को देने वाली होती हैं,राजा को अनुमति मिलने के बाद यह दशहरा मेला का प्रथम स्तंभ प्रारंभ हो जाता है। बस्तर संभाग के समुदाय के लोगों का कहना है, यह मूलतः जनजाति महापर्व है। इस महापर्व ने विगत 620 वर्ष से इस पूजा महोत्सव को जारी रखा है। नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन डॉ चरणदास महंत जी पनिका /पनका बस्तर संभाग के लोगों से 9 अक्टूबर को काछिन गादी देवी मां की पूजा करेंगे तथा समुदाय की पुस्तक का विमोचन कर इस समुदाय के लोगों के साथ बैठक भी करेंगे।



आंबेडकर की प्रतिमा के अपमान पर आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग

सकरी। लाखासार मोड़ पर स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ कथित रूप से अपमानजनक कृत्य किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। घटना की लोगों ने निंदा करते हुए प्रशासन से मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषी की पहचान और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. आंबेडकर केवल किसी एक समाज के महापुरुष नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के शिल्पकार और देश के करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे में उनकी प्रतिमा के साथ किसी भी प्रकार का अपमानजनक व्यवहार गंभीर मामला है। लोगों ने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार सकरी बिहारी सिंह टोडर और सकरी थाना प्रभारी संजय सिंदे सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विभोर यादव सहित अन्य संबंधित लोग भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने मामले की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही। इस दौरान सामाजिक साथियों और नागरिकों से शांतिपूर्ण रहने तथा कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की गई। लोगों ने कहा कि घटना के विरोध का उद्देश्य किसी व्यक्ति या समाज को निशाना बनाना नहीं, बल्कि संविधान और बाबा साहेब के सम्मान से जुड़े इस मामले में न्याय की मांग करना है।

रियल म्यूजिक लवर्स गौरेला द्वारा म्यूजिकल नाइट का आयोजन आज

गौरेला। संगीत प्रेमियों के लिए गौरेला में एक विशेष संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा है। 'रियल म्यूजिक लवर्स, गौरेला' के तत्वावधान में 8 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) को मिश्री देवी स्कूल परिसर, गौरेला में भव्य 'म्यूजिकल नाइट' आयोजित होगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर एवं आसपास के क्षेत्र के संगीत प्रेमियों को एक मंच पर जोड़ना, स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर देना तथा भारतीय सुगम संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम में भारतीय संगीत जगत के महान कलाकारों की सदाबहार प्रस्तुतियों को स्थानीय कलाकारों द्वारा जीवंत किया जाएगा। इसमें लता मंगेशकर, महेंद्र कपूर, एस. पी. बालासुब्रह्मण्यम और यश चोपड़ा से जुड़े लोकप्रिय गीतों एवं संगीत की विशेष प्रस्तुतियाँ शामिल रहेंगी।कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की एकल एवं युगल प्रस्तुतियाँ दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहेंगी। साथ ही क्षेत्र के उभरते हुए गायक-गायिकाओं को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रमुख कलाकार एवं सहयोगीकार्यक्रम में स्थानीय संगीत प्रतिभाओं के साथ कई अनुभवी कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यक्रम के मार्गदर्शक संगीत शिक्षक



रमेश प्रधान हैं, जबकि तकनीकी मार्गदर्शन शनि श्रीवास्तव एवं प्रदीप वैष्णव द्वारा किया जाएगा।स्टार कलाकारों के रूप में पंकज जैन एवं अभिजीत पाठक तथा विशेष प्रस्तुतियों में संगीत शिक्षक साजन पाठक, युवा कलाकार ऋषभ प्रधान एवं वरिष्ठ सदस्य विकास त्यागी शामिल होंगे। महिला गायिका कलाकारों में सुमधुर स्वर की धनी चित्ररेखा, प्रिया वर्मन, सिल्विया गिरी एवं अनुजा श्रीवास्तव अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगी। कार्यक्रम की संयोजक प्रस्तुति 'वॉइस ऑफ जीपीएम' सीजन-1 के विजेता संजय सिंह राजपूत द्वारा दी जाएगी।

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0)
// ईश्तहार //

रा0प्र0क0 /बी-121, 2026
ग्राम सारधा प.ह.नं.30
तहसील लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद द्वारा ग्राम सारधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका पुनित राजपूत पिता/पति भगत राम जाति राजपूत निवासी ग्राम सारधा तहसील लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/पत्नी कुसुम सिंह पिता/पति पुनित राम हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदो एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओ में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपति हो, तो वह दिनांक 21/10/26 तक अपना दावा आपति। प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 07/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0)

न्यायालय नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)
- ईश्तहार-

रा.प्र.क्र. / अ-6/2025-26
पक्षकार- तारा नादम पति कुंदन नादम
.....**आवेदिका**
बनाम
अमित कुमार जायसवाल पिता जमुनालाल जायसवाल वगैरह
..... **अनावेदिका**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा नादम पति कुंदन नादम निवासी बिहारी टाकीज के सामने बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूनाबिलासपुर शीट नं. 39 प्लाट नं. 1/36 रकबा 36872 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित परिसर ₹ 3 ए काम्प्लेक्सस्त के चतुर्थ तल पर स्थित प्रकोष्ट क्रमांक एफ एफ-3 रकबा 341.063 व.फु. को आवेदिका के द्वारा अनावेदकगण अमित कुमार जायसवाल पिता जमुनालाल जायसवाल वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11.09.2024 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.भू.रा.सं. 1959 वास्ते आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 14/10/2026 को न्यायालयीन समय मे स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 24/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर, एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
क्र./Q/अति.तह./वा-2/2026
मस्तूरी, दिनांक 14/08/2026
ईश्तहार

ग्राम मल्हार पोस्ट मल्हार प.ह.नं. 22 रा.नि.म. मल्हार तहसील मस्तूरी के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र सिंह गांधी पिता हरबंश सिंह निवासी ग्राम मल्हार तहसील मस्तूरी जिला-बिलासपुर निवासी ने ग्राम मल्हार प.ह.न. 22 स्थित भूमि खसरा नंबर 2170, 2624/2, 3135/3, 3135/4, 3156/3, रकबा क्रमशः 0.40, 0.50, 0.66, 0.45, 0.10 कुल रकबा 217 एकड भूमि राजस्व अभिलेखों में इनकी माता स्व. इन्द्रा देवी के साथ सहखातेदार के रूप में विधिवत दर्ज एवं अंकित हुआ था। तब से आवेदक उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में दर्ज चला आ रहा था। उक्त आधार पर आवेदक काबिज है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मस्तूरी के अपील प्रकरण क्रमांक 130/अ-6/2012-13 में आदेश दिनांक 27.06.2013 के अनुसार आदेश को किसी भी न्यायालय में चुनौती नही देने के कारण आदेश दिनांक 27.06.2013 अंतिमता को प्राप्त हो चुका है। उपरोक्त परिस्थिति में श्रीमान आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर छ.ग. के आदेश दिनांक 02.12.2025 के परिपालन में उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम यथावत राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

तदाशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या फर्म को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 16/10/2026 के पूर्व न्यायालयीन समय तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अस्तु आज दिनांक 06.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुदा से ईश्तहार जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय:-श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)
रूद्रदेव मनहर वगैरह.....**आवेदकगण**
बनाम
श्रीमती रविकिरण मनहर वगैरह....
.....**अनावेदकगण**
प्रकरण क्र. 04/2026
पेशी तारीख 03.11.2026
प्रोसेस क्र. 228/26
प्रति,
आम जनता जो संबंधित हो।
नोटिस/समंस

इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है, के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 03.11.2026 को नियत है।

अतः आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित हो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाबदावा प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक 29.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(सतीश कुमार खाखा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 15.09.2026

आवेदक श्री भगवान राम आत्मज भवंराराम उम्र 26 वर्ष निवासी गोविन्दपुरा मानसागर थाना खेडप्पा तहसील बावडी, जिला जोधपुर राजस्थान एवं आवेदिका कुमारी गौरी आत्मजा स्व. लुटूराम माता भगवती बाई उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोकुलपुर, पोस्ट नेवरा, थाना कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 10.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


भगवान राम


कुमारी गौरी

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
जिला बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00034 कुदुदंड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202627400108000014

ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुदुदंड के वर्तमान भूमिस्वामी रामरतन, फागूराम, रामायाण पिता मोतीलाल पिता/पति-निवासी कुदुदण्ड पता-बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 235/18 (0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता फागूराम, रामायाण पिता स्व. मोतीलाल पता-कुदुदण्ड बिलासपुर छग, उत्तरा जांगडे पति स्व. शिवाजी जांगड़े, देवराज जांगड़े, शिवराज शालिनी, सुरभि पिता स्व. शिवाजी जांगड़े पता- कुदुदण्ड बिलासपुर छग , अगहन बाई पति स्व. चंद्रिका प्रसाद जांगड़े अरुण, तरूण, दीपक, हेमा, हेमकली, करूणा पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद जांगड़े पता- कुदुदण्ड बिलासपुर छग, देवेन्द्र कुमार जांगड़े, चम्पा, प्रमिला, मन्नु, मुन्नी पिता स्व. रामरतन जांगड़े पता- कुदुदण्ड बिलासपुर छग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/10/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
प्रकाश चन्द साहू, तहसील बिलासपुर

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /Q/ तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 29/09/2026
रा.प्र.क्र. /अ-6(अ)/2025-26
ग्राम-चिल्हाटी, प.ह.नं 29

ग्राम चिल्हाटी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा चिल्हाटी, प.ह.नं. 29 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 238/7 रकबा 3000 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक सुखप्रीत सिंह सवन्नी पिता श्रवण सिंह, निवासी दयालबंद बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 23/10/2026 को प्रातः 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे।

तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर (छ.ग.)
ई-कोर्ट प्र.क.202503072400164/
अ-27/2024-25 ग्राम-जूना बिलासपुर,
तहसील-बिलासपुर

01 बृजेश कुमार पाण्डेय पिता स्व. अयोध्या प्रसाद पाण्डेय वार्ड नं.-72 किला वार्ड, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर 02 श्रीमती ज्योती पाण्डेय पति स्व. सूर्यकांत पाण्डेय निवासी हरदी बाजार शिक्षक नगर तहसील पाली जिला कोरबा 03 सुजय पाण्डेय 04 संजिता पाण्डेय दोनो पिता स्व. सूर्यकांत पाण्डेय निवासी हरदी बाजार शिक्षक नगर तहसील पाली जिला कोरबा ..... **अपीलार्थीगण**

बनाम

01. विश्व कुमार पिता नर्मदा प्रसाद 02. प्रेमलता पति स्व. सुरेश चन्द्र 03. सुबोध पिता स्व. सूशील कुमार 04. मृत्युजंय पाण्डेय पिता स्व. चन्द्रशेखर पाण्डेय 05. दीपक पिता स्व. चन्द्रशेखर पाण्डेय 06. श्रीमती इरूणा पाण्डेय पति स्व. सत्यजीत 07. रमाकांत पिता स्व. द्वारिका प्रसाद 08. निशांत पिता स्व. नरेन्द्र 09. राहुल पिता स्व. राजेन्द्र 10. हरीश चन्द्र पिता स्व. रमेश चन्

खबर संक्षेप

प्रो सिन्हा को आईएसएई उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशंसा पदक



मुंगेली। बीआरएसएम कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च स्टेशन, मुंगेली के अधिष्ठाता एवं मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी के प्रोफेसर डॉ जितेन्द्र सिन्हा को भारतीय कृषि अभियंता सोसायटी द्वारा आईएसएई उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशंसा पदक 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मृदा एवं जल अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान आईएसएई के 60वें वार्षिक अधिवेशन एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन 5 से 7 अक्टूबर 2026 तक शेर–ए–कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ऑफ कश्मीर श्रीनगर में किया गया। भारतीय कृषि अभियंता सोसायटी के कार्यकारी समिति द्वारा डॉ सिन्हा के व्यावसायिक एवं तकनीकी योगदान को मान्यता देते हुए इस सम्मान के लिए उनका चयन किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें प्रशंसा पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने किया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण



मुंगेली। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में औषधि दुकानों की निगरानी एवं नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में औषधि निरीक्षक किरण सिंह एवं सुमनलता कंवर द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के तहत कुल छह मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेसर्स तनु मेडिकल स्टोर्स चंद्रखुरी, विजय मेडिकल स्टोर्स चंद्रखुरी, सतगुरु मेडिकल स्टोर्स चंद्रखुरी, विजय मेडिकल स्टोर्स मोहभट्टा, वर्मा मेडिकल स्टोर्स मोहभट्टा एवं सुरभी मेडिकल स्टोर्स लालपुर में स्वापक एवं मनोप्रभावी औषधियों के क्रय–विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। औषधियों की खरीद एवं बिक्री से जुड़े अभिलेखों के नियमानुसार संधारण की स्थिति का भी परीक्षण किया गया। जांच के दौरान दो मेडिकल स्टोर्स में क्रय–विक्रय संबंधी दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण नहीं पाया गया। इस संबंध में संबंधित प्रतिष्ठानों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली, 1945 के प्रावधानों के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी विभाग की कार्रवाई महुआ शराब सहित लाहन जब्त



लोरमी। आबकारी विभाग ने एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब तथा 60 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। दोनों मामलों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। मामले की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि, पहली कार्रवाई ग्राम चचेड़ी में आबकारी टीम ने आरोपी धनसिंह गोंड के कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की। इसी तरह ग्राम टेकनपारा में सुनीता बाई पात्रे के कब्जे से 18 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब एवं 60 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

बच्चों के आधार में सही जानकारी अपडेट करने अभियान

मुंगेली। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अभियान का उद्देश्य निर्धारित आयु वर्ग में बच्चों के आधार संबंधी विवरण को समय पर अद्यतन कराना है, ताकि आधार की जानकारी सही एवं अपडेटेड बनी रहे। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बच्चों का प्रथम अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 5 से 7 वर्ष की आयु के दौरान तथा द्वितीय अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 15 से 17 वर्ष की आयु के दौरान कराया जाना आवश्यक है। इसके तहत बच्चों के बायोमेट्रिक विवरण को निर्धारित आयु के अनुसार अपडेट किया जाता है। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि, जिन बच्चों का निर्धारित आयु वर्ग में बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है वे अपने बच्चे का आधार कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निकटतम अधिकृत आधार केंद्र में उपस्थित होकर समय पर बायोमेट्रिक अपडेट की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। बच्चों के आधार संबंधी जानकारी को अद्यतन रखना आवश्यक है। इससे बच्चों के आधार विवरण को अद्यतन रखने में मदद मिलेगी और विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित प्रक्रियाओं में सुविधा होगी।

4 हजार से ज्यादा मनोकामना के दीप होंगे प्रज्वलित

डिडनेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व के लिए ट्रस्ट की ओर से सभी आवश्यक तैयारी पूरी की जा चुकी है। 11 अक्टूबर को अभिजीत मुहूर्त में नवरात्र अनुष्ठान के साथ ज्योति प्रज्वलित होंगे। साथ ही देवी भागवत की कथा व दुर्गासप्तशती पाठ, ललित सहस्त्रनाम पाठ प्रारंभ होंगे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार भी देवी आराधना के सबसे महत्वपूर्ण पर्व नवरात्र उत्साह व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर परिसर में 4 हजार से ज्यादा मनोकामना के दीप प्रज्वलित होंगे, जिसके लिए सभी ज्योति कलश कक्षों की सफाई व रंग-रोगन के बाद कलश व दीप पात्र रखे जा चुके हैं। इस दिन प्रथम ज्योति जलाने व जंवारा बुआई के बाद सभी दीप प्रज्वलित किये जाएंगे। जिसके लिए ज्योति रक्षक व सेवक भी तैयार कर लिए गए है। ट्रस्ट के सदस्यों ने जानकारी दी कि पिछले दिनों बैठक के दौरान सभी सदस्यों को नवरात्र कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके परिपालन में सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे ताकि यहां आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की शिकायत ना मिले। मंदिर परिसर में श्रीमद देवी भागवत का अनुष्ठान होगा जिसके कथावाचक आचार्य पंडित



संतोष वैष्णव होंगे, जो पूरे 9 दिनों तक माता जगदम्बा भवानी की संगीतमय कथा भक्तों को सुनाएंगे वहीं पंडित नरेश पांडेय दुर्गासप्तसती पाठ व सभी नवरात्र अनुष्ठान के कार्यक्रम संम्पन्न कराएंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रतिदिन जसगीत व भजन-कीर्तन के अलावा अन्य कार्यक्रम होंगे। इस बार भी मंदिर परिसर स्थित नवनिर्मित ज्योतिकलश कक्ष में भी दीप जलाए जाएंगे, इसके अलावा नए व्यवसायिक परिसर में भी विभिन्न दुकाने भी सजेंगी। जिसका आबंटन पिछले दिनों ट्रस्ट की ओर से किया गया है।

बोरा करेंगे प्रथम दीप प्रज्जवलित

छत्तीसगढ़ शासन के नगरी प्रशासन सचिव सोनमणि बोरा इस वर्ष नवरात्र के पहले दिन प्रथम ज्योति प्रजवलित करेंगे, जिसके लिए ट्रस्ट के सदस्य पिछले दिनों रायपुर सचिवालय पहुंचकर आमंत्रित कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि श्री बोरा बिलासपुर कमिश्नर के पद पर रहने के दौरान ट्रस्ट निर्माण व मंदिर परिसर के विकास में महत्वपूर्ण निभाई थी। इसलिए ट्रस्ट ने उनको नवरात्र प्रारंभ के लिए आमंत्रित किया है।

नगर में दुर्गा पंडाल बने

देवी आराधना के इस विशेष अवसर पर इस वर्ष भी स्कूल चौक, गुड़ी चौक, इमली पारा, नंद महल, ठाकुरदेव चौक, खैया पारा, गढ़ चौक, ढबहापारा, गणेश चौक, मंदिर चौक सहित विभिन्न मोहल्लों में युवकों ने दुर्गा पंडाल सजाया जा रहा है। पंडालों में नौ दिनों तक देवी की पूजा-अर्चना होगी।



नगर में निकली सेवा ज्योति यात्रा, भाजपाई हुए शामिल

मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र एवं समाज सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुंगेली में सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर से हुआ। यहां से यात्रा महाराणा प्रताप चौक पहुंची और विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, केंद्रीय जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बेलतरा रजनीश सिंह तथा पूर्व लोकसभा सांसद लखन लाल साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए एवं जिला पंचायत मुंगेली अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, नरेंद्र शर्मा, धनीराम यादव, मानिक सोनवानी, रजनी सोनवानी, रामकमल सिंह, पुष्पलतापद्मिनी मोहले, सुजीत वर्मा, शांति देवचरण भास्कर, जयप्रकाश मिश्रा, संजय वर्मा, पवन पांडे, सुनील पाठक, निश्चल गुप्ता, मिट्ठूलाल यादव, रामशरण यादव, शंकर सिंह ठाकुर, कोटू दादवानी, सौरभ बाजपेयी, राकेश साहू, शिवकुमार बंजारा, राजेंद्र साहू, विजय बंजारा, सत्यनारायण देवांगन, असलम खान, राजेश्वर सिंह टंडन, घनश्याम यादव, सुशील यादव, गणेश बाजपेयी, प्रवीण सोनी, महेश यादव, यशोदा यादव, परमेश्वर ठाकुर एवं ताराचंद टंडन सहित जिला भाजपा, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, मोर्चा–प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मल्हार को स्वच्छ व सुंदर बनाने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

मल्हार। नगर के मुख्य मार्ग में हो रही आवागमन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने बस स्टैंड से मंदिर तक की मुख्य सड़क किनारे व्यापारियों व अन्य लोगों द्वारा की गईं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई सोमवार से पुलिस बल के साथ शुरू की गईं।



इस कार्रवाई से तीन दिन पहले मुख्य मार्ग के सभी दुकानदारों व अन्य लोगों को स्वयं आगे आकर सोमवार तक अतिक्रमण हटाने अपील कर दी गई थी। दरअसल नगर का इकलौता मुख्य सड़क पहले से ही अत्यंत संकरा है, इसके बाद भी दुकानदारों व कई लोगों ने नाली के ऊपर के अलावा सड़क में ही अतिक्रमण कर सामान सजा रखा था, जिससे छोटे बड़े वाहनों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। खासकर नवरात्रि, शिवरात्रि व अन्य त्योहारों के अवसर पर वाहनों कई लम्बी कतार से घंटो जाम की स्थिति बनती थी। तमाम शिकायतों और लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने बेहतर तालमेल बनाकर कड़ी व सख्त कार्रवाई कर सभी अतिक्रमण को हटाकर नगर की सुंदरता व स्वच्छता पर विशेष रूप से काम होगा, जिसके लिए सभी जनप्रतिनिधि सामंजस्य बनाकर सहयोग करेंगे। सीएमओ अनुभव सिंह का कहना है की सड़क से अतिक्रमण हटने से आम लोगों को राहत मिलने के अलावा व्यापारियों को भी फायदा होगा, इसलिए यह आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को रेस्ट हॉउस से प्रवेश द्वार तक अतिक्रमण हटाया गया है। आज से आगे की कार्रवाई जारी रहेगी, जिसके तहत मेला चौक से मां डिडनेश्वरी तक पूरी तरह अतिक्रमण हटाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र के निजी अस्पतालों का किया निरीक्षण

पथरिया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में निजी चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम बुधवार को विखं पथरिया अंतर्गत संचालित निजी चिकित्सालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आकृति अस्पताल, पथरिया का औचक निरीक्षण किया गया, जहां निरीक्षण टीम को कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। ज्ञात हो कि सीएम हेल्पलाइन 1076 में निजी अस्पतालों के संचालन से संबंधित शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी क्रम में औचक निरीक्षण किया गया।

- आकृति हास्पिटल में गंभीर अनियमितता, ऑपरेशन कक्ष सील

जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे, जिला नोडल अधिकारी डॉ कमलेश कुमार, खंड चिकित्सा अधिकारी पथरिया डॉ अमित लाल तथा प्रभारी



लिपिक नर्सिंग होम एक्ट एमएल टाण्डे की जिला स्तरीय टीम ने आकृति अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ग्राम रोहराकला निवासी हरन बाई साहू उम्र 50 वर्ष की बच्चेदानी का ऑपरेशन किया जाना पाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने पर आकृति अस्पताल में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं पाया गया। अस्पताल में उपस्थित स्टाफ एवं सर्जन संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पूछताछ में एक सर्जन का नाम बताया गया, लेकिन संपर्क करने पर उन्होंने आकृति हास्पिटल में आकर सर्जरी करने को लेकर अनभिज्ञता जताई। इसके अलावा मरीज के केसशीट में भी विसंगतियां पाई गई। मरीज के उपचार एवं ऑपरेशन से संबंधित परिस्थितियों को देखते हुए टीम ने मामले को गंभीरता से लिया। अस्पताल में चिकित्सक की अनुपस्थिति को देखते हुए मरीज की सुरक्षा के मद्देनजर उसे तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय मुंगेली भेजा गया, ताकि उसे आवश्यक चिकित्सकीय उपचार एवं विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर कक्ष में साफ-सफाई का अभाव एवं गंदगी पाई गई। ऑपरेशन थियेटर मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल की यह स्थिति नर्सिंग होम एक्ट नियम, 2013 में निर्धारित मानकों के विपरीत पाई गई। ऑपरेशन जैसे संवेदनशील चिकित्सा कार्य के लिए आवश्यक स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था का पालन नहीं किया जाना गंभीर विषय माना गया। निरीक्षण में चिकित्सक की अनुपस्थिति तथा अन्य पाई गई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल के ओटी कक्ष एवं आईसीयू को सीलबंद कर दिया। यह कार्रवाई अस्पताल संचालक डॉ विश्राम ध्रुव की उपस्थिति में की गई। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद निजी चिकित्सालयों में निर्धारित चिकित्सा मानकों, चिकित्सकों की उपलब्धता, मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण तथा नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के पालन को लेकर सख्ती का संदेश गया है।

सील किया गया

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ऑपरेशन करा चुकी एक महिला मरीज मिली, जिसको ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक का नाम पूछने पर उपस्थित कर्मचारी कोई सही जानकारी नहीं दे पाए। वही ओटी कक्ष मे गंदगी पाए जाने पर ऑपरेशन कक्ष को सील किया गया।

– डॉ श्रीकेश गुप्ता, जिला चिकित्सा स्वास्थ अधिकारी मुंगेली

टावर पर चढ़ी विक्षिप्त महिला इलाके में अफरा-तफरी

तखतपुर। पुराना बस स्टैंड स्थित मोबाइल टावर पर एक विक्षिप्त महिला के चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिला को नीचे उतारा गया। दरअसल पुराना बस स्टैंड में मोबाइल का टावर लगा हुआ है, जिसकी ऊचांई लगभग 150 फीट है। 7 अक्टूबर की सुबह 10 बजे एक विक्षिप्त महिला इस टावर पर चढ़ गई।

हालांकि पहले तो इसकी जानकारी लोगों को नहीं थी, लेकिन लगभग दोपहर 12 बजे कुछ लोगों ने महिला को टावर पर चढ़ा देखा तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही यह खबर नगर में फैली धीरे-धीरे वहां सैकड़ों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों की सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला को टावर से नीचे उतारा गया। इस टावर के गार्ड निहाल साहू, मोनू ताम्रकार ने टावर के ऊपर चढ़कर उस महिला को सुरक्षित नीचे उतारा। घटना स्थल पर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला सहित पुलिस भी



पहुंची थी। पुलिस के जानकारी लेने पर महिला की पहचान जशपुर जिला अंतर्गत थाना सीटी कोतवाली के तहत बरपानी सिटौंगा निवासी परमेश्वरी बाई के रूप में हुई। इसके बाद एसआई सदनवती कश्यप, नरेश निराला ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचें उसकी प्राथमिक जांच के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। इसके उसे मनोरोग चिकित्सा केंद्र सेंदरी पहुंचाया गया।

सार्वजनिक शौचालय बना कूड़ा घर, चारों तरफ फैली गंदगी



लोरमी। ग्राम खपरीकला के हाट बाजार में सामुदायिक शौचालय की स्थिति चिंताजनक हालत में है। शौचालय भवन के चारों ओर भारी मात्रा में प्लास्टिक, कागज और कचरा बिखरा हुआ है, जिससे यह पूरा परिसर कचराघर बन गया है। पास ही लकड़ी का ढेर भी लगा हुआ है, जिससे इसका सार्वजनिक रूप से इस्तेमाल करना बंद हो गया है। ज्ञात हो कि पुरे प्रदेश में शासन की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है, इसके बाद भी इस ओर किसी की ध्यान नहीं है। इस पर ग्रामवासियों ने कहा, प्लास्टिक और अन्य कचरे को जलाने के बजाय पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारित करने की व्यवस्था की जाए, जिससे शौचालय का ताला खोलकर उसकी नियमित सफाई और देख-रेख सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीण इसका सही उपयोग कर सकें। ग्रामीणों ने मांग की है कि, प्रशासन और पंचायत त्वरित सफाई अभियान चलाकर दुकानदारों व होटल संचालकों के लिए मुनादी कराकर कचरा निर्दिष्ट स्थान/डस्टबिन में फेंकने का सख्त निर्देश दिया।

अग्रवाल सेवा समिति के पूर्व अध्यक्षों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

अग्रवाल सेवा समिति, बिल्हा की स्वर्णिम जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में समिति के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। समाज की विकास यात्रा में उनके योगदान, सेवा भावना एवं नेतृत्व के लिए उन्हें सम्मान-पत्र एवं स्मृतिचिह्न भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की गई।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि, समाज की वर्तमान उपलब्धियों के पीछे पूर्व अध्यक्षों एवं वरिष्ठजनों के वर्षों के अथक प्रयास, मार्गदर्शन और सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनका सम्मान करना समाज की गौरवशाली परंपरा और विरासत को नमन करने के समान है। समारोह के साथ आयोजित आनंद मेला भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। मेले में समाज के सदस्यों एवं परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, खेलों एवं स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे स्टॉलों ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने आनंद मेले का भरपूर आनंद उठाया स्वर्णिम जयंती के इस आयोजन में सेवा, सहयोग, समर्पण और सामाजिक एकता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

पूर्व अध्यक्षों के सम्मान एवं आनंद मेले ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में बिल्हा अग्रवाल समाज के संस्थापक वैद्यराज स्व बिरदीचंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्व लक्खीराम अग्रवाल, स्व चौथमल अग्रवाल, स्व ख्याली रामजी अग्रवाल, स्व सुरेश केड़िया, स्व गोवर्धन अग्रवाल, मूलचंद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, विशंभर गोयल, प्रहलाद अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल एवं विमल किशोर अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम मैं सभी का उत्साहवर्धन करने एवं सफल बनाने के लिए सीए राजेश अग्रवाल, मनोज, मंगल, बलदेव अग्रवाल, सुरेश, मंगल, विजय बंसल सहित अन्य उपस्थित थे।

आदर्श कृषि उपज मंडी में हुआ कार्यक्रम

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में शामिल हुए कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आदर्श कृषि उपज मंडी में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, केंद्रीय सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष व पूर्व बेलतरा विधायक रजनीश सिंह एवं पूर्व सांसद लखन लाल साहू के सहभागिता की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'राष्ट्र के नाम' लाइव उद्बोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए 'वी विल डू इट' का विश्वासपूर्ण संदेश दिया। यह केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता।

निरंतर प्रयास, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनभागीदारी का आह्वान है। प्रधानमंत्री के इस संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने और सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम उत्साह और सहभागिता से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, धनीराम यादव, मानिक सोनवानी, रजनी सोनवानी, रामकमल सिंह, पुष्पलता पद्मिनी मोहले, सुजीत वर्मा, शांति देवचरण भास्कर, जयप्रकाश मिश्रा, संजय वर्मा, पवन पांडे, सुनील पाठक, निश्चल गुप्ता, मिट्ठूलाल यादव, रामशरण यादव, शंकर सिंह ठाकुर, कोटू दादवानी, सौरभ बाजपेयी, राकेश साहू, शिवकुमार बंजारा, विजय बंजारा, सत्यनारायण देवांगन, असलम खान, राजेश्वर सिंह टंडन, घनश्याम यादव, सुशील यादव, गणेश बाजपेयी, प्रवीण सोनी, महेश यादव सहित जिला भाजपा, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, मोर्चा–प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवपदस्थ एसडीएम चौबे से पत्रकार संघ ने की भेंट



बिल्हा। एसडीएम एनके चौबे ने सोमवार को बिल्हा एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे धरमजयगढ़, सारंगढ़ और रायपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2016 में उनकी प्रथम नियुक्ति धरमजयगढ़ में हुई थी। प्रशासनिक सेवाओं के दौरान उन्होंने एसडीएम के रूप में विभिन्न स्थानों पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। अब उन्हें बिल्हा एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा के सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय में एनके चौबे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा हुई। पत्रकारों ने उनके पूर्व कार्यस्थलों के अनुभवों और बिल्हा में किए जा सकने वाले नए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस पर एसडीएम चौबे ने बताया कि पूर्व पदस्थापना के दौरान प्राप्त अनुभवों का उपयोग बिल्हा में जनहित के कार्यों में किया जाएगा।

खबर संक्षेप

छात्र का पीछा कर युवकों ने की मारपीट

बिलासपुर। जिम से घर जा रहे छात्र का पीछा कर युवकों ने मारपीट कर



चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जोरापारा निवासी ईशांत पवार पिता महेन्द्र कुमार पवार साइंस कालेज में एमएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 6 अक्टूबर की रात 9.30 बजे वे जिम से बाइक में घर जा रहे थे। जोरापारा मोड़ के पास पीछे एक बाइक में दो लोग पीछा करते हुए आए, कोहिनूर नाम के लड़के ने बाइक से उतरकर अपने दो अन्य साथियों को बुला लिया। तीनों युवक उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर कोहिनूर एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

मारपीट करने वाला रिसार्ट का मैनेजर गिरफ्तार

बिलासपुर। बीती रात नशे में रिसार्ट के मैनेजर ने घर में घुसकर एक व्यक्ति से मारपीट करने के बाद रास्ते में दो लोगों से गाली गलौज कर उन्हें झापट्टा मारा। पुलिस ने तीन मामला दर्ज कर मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, कोटा पड़ावपारा निवासी आकाश तिवारी पिता नागेश्वर प्रसाद तिवारी 35 साल कोरीडेम के पास स्थित एक रिसार्ट में मैनेजर है। 6 अक्टूबर की रात उसने नशे में एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर उनकी पत्नी से धक्का मुक्की की। उसके बाद वहां से निकलकर वह रास्ते में एक एक व्यक्ति से मारपीट कर गाड़ी की चाबी लूट ली। उसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट की। एक दिन में उसके खिलाफ कोटा थाने में 3 प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने हमलावर मैनेजर आकाश तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

रेलवेकर्मी के घर से जेवर, सामान ले उड़े चोर

बिलासपुर। रेलवेकर्मी के घर की खिड़की की राड तोड़कर जेवर, नकद व अन्य सामान की चोरी कर ली गई। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे कालोनी निवासी रेलवेकर्मी हरेसिंग धुर्वे 4 अक्टूबर को शाम 6 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने चाचा ईश्वर धुर्वे के घर देवरीखुर्द चले गए। खाना खाने के बाद रात 9 बजे वे अपने घर आए और ताला खोलकर अंदर गए। पीछे की खिड़की की राड टूटा हुई थी। सोने की अंगूठी, बर्तन, इंडक्शन चूल्हा, 1 हजार रुपए नकद सहित 50 हजार का सामान चोरी हो गई थी। 6 अक्टूबर को श्री धुर्वे ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

पति ने पत्नी से की मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पेशी के दौरान कुटुम्ब न्यायालय के काउंसिलिंग रूम में पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, चोरभट्ठीकला निवासी पूर्णिमा सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पति चंद्रप्रकाश सूर्यवंशी उन्हें व तीन बच्चों को छोड़कर कुटुम्ब न्यायालय में तलाक की अर्जी लगाई है। 7 अक्टूबर को वे पेशी में अपने पिता को साथ न्यायालय आए थे। काउंसिलिंग के दौरान उनके पति ने कहा उस पर जो आरोप लगाया है उसे स्वीकार कर ले। उन्होंने ने मना किया तो हाथ मरोड़कर मारपीट शुरू कर दी। काउंसलर ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया। बाहर निकलने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर कोर्ट परिसर से चला गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर चंद्रप्रकाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

गाली देने से मना किया, युवक पर हमला

बिलासपुर। गाली देने मना करने से युवक पर पेंचकस से हमला कर जख्मी कर दिया गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, दोमुहानी ढेंका निवासी कुशल मोहले 6 अक्टूबर की शाम 5 बजे अपने मामा के लड़के संत कुमार के साथ दोमुहानी नहर पुलिया में बैठा था। दोमुहानी निवासी मनीष धीरज बेवजह गाली गलौज करने लगा। कुशल ने गाली देने से मना किया तो मनीष धीरज ने जान से मारने की धमकी देकर पेंचकस से हमला कर दिया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

डेढ़ घंटे का कार्यक्रम खत्म होते ही टूट पड़े भोजन की ओर

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन 10.30 बजे के बजाय शुरु हुआ 1 बजकर 20 मिनट पर

ढ़ाई घंटे तक धूप में भूखे-प्यासे बैठकर ओपनिंग का इंतजार करते रहे सैकड़ों बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बिलासपुर पहुंचे प्रदेश के सभी जिले के बच्चों को ओपनिंग के लिए तेज धूप में बैठकर भूखे-प्यासे बैठकर ढ़ाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा। सुबह 10.30 बजे का ओपनिंग प्रोग्राम दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर शुरु हुआ, जिसके डेढ़ घंटे के बाद खत्म होते ही बच्चें सबसे पहले भोजन और पानी के लिए दौड़ पड़े।

लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 10 अक्टूबर तक बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में किया जा रहा है। इसमें हॉकी, आर्चरी और कबड्डी में मेजबान बिलासपुर जोन के साथ सरगुजा, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के 600 से अधिक बच्चों के अलावा कोच, मैनेजर, आफिशियल्स हिस्सा लेने पहुंचे हैं। प्रतियोगिता के शेड्यूल के हिसाब से ओपनिंग का समय सुबह 10.30 बजे का रखा गया था। इसके लिए सभी बच्चों के साथ कोच, मैनेजर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सुबह 9 बजे से आउटडोर ग्राउंड में बुला लिया गया था, ताकि अतिथियों के आने से पहले बच्चों का रिहर्सल हो सके। बच्चे समय से पहले ग्राउंड पहुंच गए, लेकिन सुबह 10.30 बजे तक न तो कोई अतिथि स्टेज तक पहुंचे और न ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्राउंड के आसपास दिखाई दिए। इसके कारण बच्चे ग्राउंड में ही इधर-उधर घूमना शुरु कर दिए। 11 बजे बच्चो का रिहर्सल कराने के बाद अतिथियों के दो मिनट में पहुंचने की जानकारी लगातार दी गई, लेकिन यह दो मिनट का समय ढ़ाई घंटे से अधिक का लग गया। कार्यक्रम शुरु होने के इंतजार करते बच्चे धूप में भूखे-प्यासे बैठे रहे। विभाग की ओर से न तो उन्हें पानी के लिए और न ही खाने के लिए पूछा गया। इसकी वजह से मार्च पास्ट के दौरान बच्चे भी काफी सुस्त दिखाई दिए।



खिलाड़ियों के लिए मंगाए गए बिस्तर व गद्दे खुले मैदान में इस तरह पड़े रहे।

नाश्ता चाय खत्म होने से भड़के अतिथि

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए अतिथियों को गिनती के हिसाब से बुलाया गया था। विभाग ने अतिथियों के अलावा उनके साथ आने वाले व्यक्तियों की गिनती कर संख्या 25 के करीब रखी थी, जिनके लिए चाय और नाश्ता की व्यवस्था भी हो चुकी थी। दोपहर 1 बजे के बाद अतिथियों के ओपनिंग में पहुंचने के साथ ही 25 की संख्या 75 से अधिक हो गई। इसके कारण अतिथियों और अन्य व्यक्तियों कों नाश्ता व चाय सर्व करने के दौरान कई व्यक्तियों को नहीं मिल सका, जिसके कारण बैठे लोग भड़क गए और व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की।

पीडब्लूडी अधिकारी पर भड़के विधायक

बुधवार को राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की ओपनिंग के लिए उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर और अन्य अतिथि पहुंचे थे। ओपनिंग के दौरान बच्चों को आउटडोर की गंदगी में बैठे हुए देख श्री साव ने नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम समाप्त होते ही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने पीडब्लूडी के अधिकारियों से ग्राउंड की सफाई नहीं होने और किसी भी विभाग के समन्वय स्थापित नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की बात कही।

कचरे में पड़ा टेंट का सामान

प्रतियोगिता के लिए 6 लाख रुपए से अधिक का बजट बनाया गया है, जिसमें बच्चों के भोजन के अलावा टेंट व अन्य सामानों के लिए राशि खर्च की जानी है। बिलासपुर के अलावा अन्य जोन से पहुंचने वाले बच्चों के लिए बहतराई खेल प्रशिक्षण केन्द्र के हॉस्टल में ही रहने की व्यवस्था की गई है। यहां बच्चों के आराम के लिए टेंट से गद्दा, चादर और तकिया भी मंगाया गया है। इसका उपयोग बच्चों के साथ ग्राउंड में काम करने वाले कुछ श्रमिक भी कर रहे हैं। 6 अक्टूबर यानि मंगलवार की रात से टेंट के सामान का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन बुधवार को ओपनिंग के दौरान आधे से अधिक गद्दे, तकिए, चादर और अन्य सामानों को आउटडोर के मुख्य गेट के सामने फेंक दिया गया। इसपर नजर पड़ने के बाद भी किसी भी अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

लोगों ने विकास भवन पहुंचकर की शिकायत

वार्ड 65 में पानी की समस्या गहराई, तीन मोटर जल गई



शिकायत करने पहुंची महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 65 में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। कई इलाकों में नियमित और पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए लगाए गए मोटर पंप के जल जाने से समस्या और गंभीर हो गई है। इसे सुधारने के लिए लोगों ने कई बार पार्षद और अधिकारियों से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। वार्ड की महिलाओं ने मामले में बुधवार को निगम पहुंचकर इस बारे में महापौर और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और हैंडपंप लगाने की मांग की। साथ ही मोटर सुधारने की मांग की गई है।

शहर के वार्ड क्रमांक 65 में पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वार्ड के कई हिस्सों में पानी की सप्लाई प्रभावित होने से रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की समस्या नई नहीं है, लेकिन मोटर पंप के जल जाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। वार्ड की राधिका चौहान, आरती, पावर्ती मानिकपुरी और अन्य ने शिकायत में कहा है कि पानी सप्लाई व्यवस्था से जुड़े मोटर पंप में खराबी आने के बाद कई घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। तीन मोटर थे वे सभी खराब हो गए हैं। जिन परिवारों को रोजाना निर्धारित समय पर पानी मिलने की उम्मीद रहती है, उन्हें अब पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। रोजाना दूर से पानी लाना पड़ रहा और कई बार विवाद की स्थिति भी बनती है।



हफ्ता नहीं देने पर गुण्डे ने बस एजेंट को पीटा, जुर्म दर्ज



मारपीट का वीडियों वायरल। इनसेट में ऊपर पीड़ित नीचे मारपीट का आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हफ्ता नहीं देने पर सिरगिट्टी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश ने साथियों के साथ सरेराह बस एजेंट के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरण्डा पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी शरद कश्यप पिता प्रेमराज कश्यप अंबिका बस में एजेंट है। 6 अक्टूबर की रात 10.30 बजे बिलासपुर से अम्बिकापुर चलने वाली बस क्रमांक सीजी 15 ईजे, 8093 का यात्री हिसाब किताब बनाने वह अपने साथी सैफी गौरी के साथ महामाया चौक पेट्रोलपंप के पास गया था। बस आने पर वह चेक कर चालान भर रहे थे। उसी समय बाइक व स्कूटी से सिरगिट्टी क्षेत्र के आदतन बदमाश तारन निर्मलकर, घनश्याम टोण्डे, बाला, हसन खान, एवं अन्य आए और शरद कश्यप को तारन निर्मलकर को हफ्ते का पैसा नहीं दिए हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट की। सैफी गौरी व कन्डेक्टर परवेज ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने एजेंट की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

जेल से छूटने के बाद लगातार कर रहा अपराध

तिफरा निवासी आदतन बदमाश तारन निर्मलकर, उसके भाई नवीन, प्रमोद निर्मलकर एवं अन्य हत्या के मामले में 14 साल सजा काटने के बाद जेल से बाहर आए हैं। उसके बाद से उनका क्षेत्र में खौफ है। तारन निर्मलकर नया बस स्टैण्ड के पास नशेड़ियों का गैंग बनाकर लगातार गुण्डागर्दी कर बस एजेंटो से रंगदारी कर हफ्ता वसूली कर रहा है।

एक भाई को 15 साल की कैद

गुण्डा बदमाश तारन निर्मलकर का भाई नवीन निर्मलकर एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में बंद है। उसे उक्त मामले में उसे 15 साल की सजा हुई है। वह भी क्षेत्र में गैंग बनाकर गुण्डागर्दी करता था। पूर्व में नवीन निर्मलकर ने एक थानेदार का कालर पकड़कर हुज्जतबाती की थी।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का सातवां दीक्षात समारोह 3 नवंबर को

बिलासपुर। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर का सातवां दीक्षांत समारोह 3 नवंबर मंगलवार को यूनिवर्सिटी मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से दीक्षांत समारोह के आयोजन की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नई दिल्ली के चेयरमेन नागेश्वर राव व दीक्षांत वक्ता के रूप में हरियाणा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. कैलाशचन्द्र शर्मा शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह यूनिवर्सिटी के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर होगा, जिसमें यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उपलब्धियों, विद्यार्थियों की सफलता और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा। समारोह को गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए यूनिवर्सिटी स्तर पर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। अधिसूचना में दीक्षांत समारोह से संबंधित विस्तृत जानकारी पृथक रूप से जारी किए जाने की बात कही गई है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों, क्षेत्रीय केन्द्रों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि समारोह का आयोजन यूनिवर्सिटी की गरिमा और शैक्षणिक परंपराओं के अनुरूप किया जा सकें। उल्लेखनीय है कि पण्डित सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



मृतक के घर पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवदेना।

कोटवार की मौत, कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय के घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेवती में करेंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवा कोटवार की मौत हो गई। घटना के तीन-चार दिनों बाद तार से मृतक का लाश चिपका मिला जिससे पूरे क्षेत्र में मातम और भारी रोष है। घटना को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सात दिनों में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई एवं उचित मुआवजा नहीं मिलने पर तिफरा चीफ इंजीनियर कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है।

■ सेवती में एलटी लाइन के करंट की चपेट से युवा कोटवार की मृत्यु मामला, पीड़ित परिवार से मिला प्रतिनिधिमंडल

पीड़ित परिवार से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष सुनील साहू, जिला शहर महामंत्री महेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संत सर्वे, हेमंत मनहर, राहुल राजपूत, अक्षय नवरंग, प्रेमप्रकाश कुर्रे, राहुल भारद्वाज आदि शामिल थे। लक्ष्मीनाथ साहू का कहना है कि विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था और अधिकारी-कर्मचारियों की अकर्मण्यता ने एक युवा कोटवार की जान ले ली है। यदि विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाता तो आज एक परिवार तबाही से बच जाता। ग्राम सेवती में एलटी लाइन का तार पिछले 15-17 दिनों से टूटकर गिरा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी लिखित एवं मौखिक सूचना विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तथा जूनियर इंजीनियर को समय रहते दे दी थी। सूचना मिलने के बावजूद जब लाइनमेन मौके पर पहुंचा और वे बिना कार्य सुधारे चले गए। कांग्रेस नेताओं ने मृतक के परिवारजनों से चर्चा कर आश्वस्त किया है कि हम इस लड़ाई को अंतिम अंजाम तक लडेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन से दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल जांच कर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की जाएगी।

ओडिशा से छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में गांजा की तस्करी, महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। ओडिशा से गांजा लाने के बाद छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में गांजा की तस्करी की जा रही थी। इन तस्करों को जीआरपी की टीम ने लाखों रुपए के गांजा सहित पकड़ा है, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी प्रदेश के सभी स्टेशन में आपरेशन नारकोस के तहत लगातार अभियान चला रही है।



आरोपी

इसमें मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनों में निगरानी भी बढ़ा दी गई है। इसके तहत जीआरपी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनुपाली संबलपुर ओडिशा निवासी पंकजनी बेहरा पति राधे बेहरा 40 साल, जुजुमुरा ओडिशा निवासी रीना पटनायक पति स्व. राम पटनायक 60 साल, बुरहानपुर मध्यप्रदेश निवासी आयुष कुशवाहा पिता मुकेश कुशवाहा, संबलपुर ओडिशा निवासी हितेश कुमार भोई पिता सोरू भाई को पकड़ा था। चारों के पास से 27 लाख 57 हजार 500 रुपए कीमती 55 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने के बाद सदर जिला संबलपुर ओडिशा निवासी रंजन पटनायक पिता जयंता पटनायक 41 साल की तलाश करने के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में जीआरपी को जानकारी मिली कि चारों आरोपी गांजा की तस्करी करने थे, जिन्हें धृतरापारा संबलपुर ओडिशा निवासी अनुपमा मोहंती पति सुधांशु मोहंती 45 साल की ओर से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में गांजा की तस्करी करने के लिए कमीशन दिया जाता था। इस मामले में मुख्य आरोपी की खोजबीन करने के बाद जीआरपी की टीम ने अनुपमा मोहंती को गिरफ्तार कर एंड टू एंड कार्रवाई की है।

एआई से सोशल मीडिया में टाइगर दिखाकर फैलाई दहशत, वन विभाग ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एआई से टाइगर का लोकेशन बेलगहना के मुख्य क्षेत्रों में बनाकर सोशल मीडिया में डालने के बाद लोगों में लगातार दहशत फैलाई जा रही है, जिसके कारण लोग तो परेशान हो रहे हैं, वहीं विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी दिन रात टाइगर की खोजबीन में निकल रहे हैं। इसके लिए अब विभाग की ओर से कड़ी चेतावनी की कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

पिछले एक सप्ताह में बेलगहना और कोटा के क्षेत्रों में टाइगर को सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। कभी टाइगर बेलगहना के सिद्ध बाबा मंदिर, माता चौरा और कभी स्टेट बैंक इंडिया के अलावा बच्चों के स्कूल के पास दिखा दिया जाता है। इस वीडियो के वायरल होने के साथ ही लोगों के साथ बच्चे भी काफी दहशत में आ गए हैं। वन विभाग के अफसरों के अनुसार टाइगर को दिखाने वाले कुछ वीडियो एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए प्रतीत होते हैं, जिसमें टाइगर को सिद्ध बाबा मंदिर के मुख्य द्वार, माता चौरा बेलगहना के पास भारतीय स्टेट बैंक और मुख्य क्षेत्र में दिखाया जा रहा है। सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में भारतीय स्टेट बैंक के पास सड़क किनारे बैठे गौवंश के बिल्कुल समीप टाइगर को दिखाया गया है। अफसरों का कहना है कि ऐसे वीडियो वास्तविक घटना से मेल नहीं खाते हैं और लोगों में आवश्यक भय एवं भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बड़ी संख्या में लोग भयभीत होने के बाद अफसरों एवं कर्मचारियों को कॉल कर क्षेत्र में टाइगर की मौजूदगी को लेकर जानकारी मांग रहे हैं। इससे विभाग के सामने वास्तवित सूचना और अफवाह के बीच अंतर स्पष्ट करने की चुनौती बढ़ गई है। वीडियो के वायरल होने के बाद कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने स्वयं क्षेत्र का दौरा कर सिद्ध बाबा मंदिर परिवार सहित अन्य ग्रामीणों से चर्चा कर टाइगर के वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन झूठी या भ्रामक सामग्री प्रसारित करना गंभीर विषय है। विभाग ऐसे पोस्ट व वीडियो के स्त्रोत की जानकारी में जुट गई है। ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कोई मूवमेट नहीं

सोशल मीडिया में टाइगर का वीडियो या तस्वीर वायरल होने के बाद लोगों का भयभीत होना स्वाभाविक है। कुछ दिन पहले टाइगर ने मवेशियों का शिकार किया और एक किसान पर हमला भी किया। इसका कुछ अपराधिक तत्व गलत फायदा उठाकर एआई के माध्यम से टाइगर का किसी भी स्थान पर वीडियो वायरल कर रहे हैं। विभाग लगातार टाइगर पर निगरानी भी कर रही है, लेकिन अब तक इसका कोई मूवमेंट नहीं मिल सका है।

-अनिल भास्करन
एसडीओ, कोटा वन परिक्षेत्र

